■ वर्ष : 56 ■ अंक : 304 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित seema-sandesh.com

शुभ धनतेरस

सोने सी चमक, चांदी सा निखार—निवेश और उन्नति का पावन त्योहार...

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 06 नवम्बर, 2026

न्यूज इन ब्रीफ

2.58 करोड़ रुपए का सोना जब्त किया

लखनऊ। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की लखनऊ टीम ने दिल्ली के चांदनी चौक में कार्रवाई कर 2.58 करोड़ रुपये मूल्य का विदेशी मूल का सोना पकड़ा है। टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1.85 किलोग्राम उच्च शुद्धता वाला सोना और 10 ग्राम चांदी बरामद की। आरोपितों ने सोने को पैरों में बंधे पैकेट में छिपा रखा था। दोनों वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। मामले में तस्करी नेटवर्क की जांच जारी है।

बैंक से 4 करोड़ रुपए का सोना लूटा

गिरिडीह। झारखंड के गिरिडीह जिले के राजधनवार स्थित यूको बैंक शाखा में गुरुवार को हथियारबंद बदमाशों ने डकैती कर करीब चार करोड़ रुपये मूल्य के सोने के बिस्कुट और आठ से दस लाख रुपये नकद लूट लिए। मास्क पहने पांच बदमाशों ने कर्मचारियों को बंधक बनाकर लॉकर खुलवाया और सीसीटीवी भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



मुर्गा लड़ाई की आड़ में जुआ

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मुर्गा लड़ाई की आड़ में चल रहे अवैध जुए के अड्डे पर पुलिस ने छापा मारकर 156 लोगों को गिरफ्तार किया। भद्राकाली थाना क्षेत्र के रैगुड़ा जंगल में हुई कार्रवाई में पुलिस ने 20 लाख 1200 रुपए नकद, 47 चारपहिया वाहन और 12 मोबाइल जब्त किए।

400 करोड़ के ठगी नेटवर्क का खुलासा

नई दिल्ली। ईडी ने ऑनलाइन ठगी से 400 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध रकम जुटाकर उसे क्रिप्टोकरेंसी के जरिए छिपाने के आरोप में रोशन फियाज और अम्मार को गिरफ्तार किया है। जांच में 600 से अधिक साइबर अपराधों और 31 म्यूल बैंक खातों के जरिए 300 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का खुलासा हुआ। ईडी ने 14.50 लाख रुपये नकद, 3.26 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी जब्त तथा 88.28 लाख रुपये की राशि फ्रीज की है।

450 बीएचपी इंजन और बैलिस्टिक सुरक्षा से लैस वाहन, बढ़ाएगा सेना की ताकत

सेना के लिए नया स्वदेशी आर्म्ड वाहन तैयार, लेह-लद्दाख में सफल परीक्षण

जबलपुर।

भारतीय सेना की युद्ध क्षमता को मजबूत करने के लिए जबलपुर स्थित व्हीकल फैक्टरी जबलपुर (वीएफजे) ने स्वदेशी लाइट आर्म्ड मल्टीपरपज व्हीकल (एलएएमवी) विकसित किया है। आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की इस इकाई द्वारा तैयार यह अत्याधुनिक बख्तरबंद वाहन कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और शहरी युद्ध क्षेत्रों में सैन्य अभियानों को नई गति देगा। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत विकसित इस वाहन में देश में निर्मित कलपुर्जों का अधिकतम उपयोग किया गया है। इसकी मजबूती और कार्यक्षमता जांचने के लिए लेह-लद्दाख के दुर्गम इलाकों में परीक्षण किए गए। शून्य से नीचे तापमान, कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्रों, बफीर्ली सड़कों और पथरीले रास्तों पर वाहन की क्षमता को परखा गया।



वीएफजे की तकनीकी उपलब्धि में नया अध्याय

इस वाहन में रेडियो सेट, गोला-बारूद, रॉकेट लॉन्चर और राइफल रखने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। वर्ष 1969 में स्थापित व्हीकल फैक्टरी जबलपुर ने पहले शक्तिमान ट्रक, जोंगा, स्टालियन ट्रक और माइन प्रोटेक्टेड वाहनों का निर्माण किया है। स्वदेशी एलएएमवी का विकास फैक्टरी की तकनीकी क्षमता और रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

तेज रफ्तार और अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाएं

एलएएमवी में 450 बीएचपी क्षमता का शक्तिशाली इंजन और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन प्रणाली दी गई है। यह वाहन 100 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से चल सकता है और 1500 किलोग्राम तक भार ले जाने में सक्षम है। इसमें चालक सहित चार जवानों के बैठने की सुविधा और पांच दरवाजे दिए गए हैं, जिससे अभियान के दौरान त्वरित आवाजाही संभव हो सके। वाहन में मॉड्यूलर बैलिस्टिक सुरक्षा, अंडर-हल ब्लास्ट रेजिस्टेंस तकनीक और लेवल-1 सुरक्षा क्षमता मौजूद है। यह 7.62 मिलीमीटर तक की गोलियों के प्रभाव को रोकने के साथ बारूदी सुरंगों और आईईडी हमलों से जवानों की रक्षा करने में सक्षम है।

बलिदान का सम्मान ही राष्ट्र की शक्ति

केन्द्रीय गृहमंत्री ने 1857 शहीद स्मारक का लोकार्पण किया



अंबाला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंबाला छावनी में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति में निर्मित भव्य शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। इसके बाद गांधी ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र अपने वीरों के बलिदान का सम्मान नहीं करता, वह आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने नाना साहेब पेशवा, रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, बेगम हजरत महल, बहादुरशाह जफर और बाबू कुंवर सिंह सहित 1857 के सभी वीरों को नमन किया। अमित शाह ने हरियाणा को वेदों, सरस्वती और वीरों की भूमि बताते हुए कहा कि छोटा राज्य होने के बावजूद भारतीय सेना में सबसे अधिक जवान हरियाणा से हैं। खेलों और कृषि क्षेत्र में भी राज्य का योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने स्मारक निर्माण में ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज के प्रयासों की सराहना की। गृह मंत्री ने बताया कि 22 एकड़ क्षेत्र में लगभग 594 करोड़ रुपये की लागत से बने इस स्मारक में वर्चुअल रियलिटी, होलोग्राम, इंटरएक्टिव प्रोजेक्शन, 400 दर्शकों की क्षमता वाला ओपन-एयर थिएटर तथा अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो विकसित किया गया है। उन्होंने युवाओं से स्मारक देखने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने 1,200 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सहारनपुर; गैंगरेप के मामले में थाना प्रभारी व एसआई दोषी करार, फैसला आज

सहारनपुर। देवबंद के चर्चित सामूहिक दुष्कर्म मामले में करीब 11 साल बाद पीड़िता को न्याय की दिशा में बड़ी सफलता मिली है। त्वरित न्यायालय कक्ष संख्या-2 के अपर सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार वर्मा ने वर्ष 2015 के मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी बृजमोहन यादव और उपनिरीक्षक वेगपाल सिंह को दोषी करार दिया है। अदालत छह नवंबर को सजा के बिंदु पर सुनवाई करेगी। दोनों दोषियों को अदालत से हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस और सीबीसीआईडी स्तर पर राहत नहीं मिलने के बाद पीड़िता ने हाईकोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर वर्ष 2017 में मुकदमा दर्ज हुआ। सीबीसीआईडी ने अंतिम रिपोर्ट दाखिल की थी, जिसे पीड़िता ने चुनौती दी। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों पुलिसकर्मियों को दोषी माना।

चार महीने के बच्चे को 2.5 लाख में बेचने की कोशिश में पकड़ा

इडुक्की। केरल के इडुक्की जिले में चार महीने के बच्चे को कथित तौर पर 2.5 लाख रुपये में बेचने की कोशिश का मामला सामने आया है। कट्टप्पना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बच्चे के माता-पिता और कथित बिचौलिए को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, असम निवासी दंपती आर्थिक तंगी के कारण बच्चे को बेचने की योजना बना रहे थे। बिचौलिए ने बच्चे के लिए पहले 4 लाख रुपये की बात कही थी, बाद में सौदा 2.5 लाख रुपये में तय हुआ। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

रोडवेज कर्मियों को दीवाली पर बोनस

जयपुर। राजस्थान रोडवेज के करीब 9,400 कर्मचारियों को दिवाली पर बोनस और एक्सग्रेशिया का लाभ मिलेगा। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के चेयरमैन ने कर्मचारियों को भुगतान की मंजूरी दे दी है। इसके तहत 21 हजार रुपये तक मासिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों को बोनस, जबकि इससे अधिक वेतन वाले कर्मचारियों को एक्सग्रेशिया दिया जाएगा। रोडवेज कर्मचारियों को पिछले तीन वर्षों से दिवाली पर एक्सग्रेशिया नहीं मिला था। कर्मचारी संगठनों की ओर से लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी। संगठनों ने निगम घाटे के कारण रुके भुगतान को बहाल करने की मांग को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपे थे।



ज्वेलरी के शेयरों में तेजी

नई दिल्ली। अमेरिका के मिडटर्म चुनाव नतीजों के बाद सोने की कीमतों में तेजी का असर ज्वैलरी कंपनियों के शेयरों पर भी दिख रहा है। एमसीएक्स पर सोने के भाव में जोरदार उछाल के बीच कल्याण ज्वैलर्स, सेन्को गोल्ड, ललिता ज्वैलरी, टाइटन और पीसी ज्वैलर के शेयरों में हलचल रही। विशेषज्ञों के अनुसार, सोने की मांग बढ़ने से इन कंपनियों को फायदा मिल सकता है। हालांकि निवेश से पहले बाजार जोखिमों का आकलन जरूरी है।

पटाखा गोदाम में विस्फोट, दो जनों की मौत, लोगों ने किया पुलिस पर पथराव

लंबे समय से शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप

नागौर। शहर के बड़ली क्षेत्र में गुरुवार सुबह पटाखा गोदाम में आग लगने के बाद हुए भीषण विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 9:40 बजे धमाका हुआ। करीब 10:30 बजे मलबे से दोनों शवों को बाहर निकाला गया। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों और स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए पथराव कर दिया। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से पटाखा निर्माण या बारूद से जुड़ा काम चल रहा था और इसे हटाने के लिए कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस ने दरगाह सदर शमशेर सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विस्फोट के वास्तविक कारणों और जिम्मेदार लोगों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।



बंगाल में विस्फोटक बरामद

कोलकाता। पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने अवैध हथियार और विस्फोटक तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 38 देसी बंदूकें, 122 कारतूस, 1150 जिलेटिन छड़ें और 1064 डेटोनेटर बरामद किए हैं। एसटीएफ ने जामुड़िया, पांडवेश्वर और बीरभूम में कार्रवाई कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच में हथियारों की आपूर्ति बिहार के मुंगेर से होने की आशंका जताई गई है।

1.55 लाख किलो खाद्य सामग्री सीज

जयपुर। दीपावली विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने प्रदेशभर में 1 लाख 55 हजार 980 किलो संदिग्ध खाद्य सामग्री सीज की है। श्रीगंगानगर में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने दो गोदामों पर कार्रवाई कर 20,655 लीटर संदिग्ध देशी घी जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 1.30 करोड़ रुपए बताई गई है। अभियान के दौरान 5,095 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए गए हैं।



रेल मंत्री बोले- एसआईआर और ईवीएम पर सवाल उठाने के बजाय संसद में चर्चा करे विपक्ष

लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रहार कर रही कांग्रेस

जयपुर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक प्रक्रियाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांग्रेस के कथित षड्यंत्रों को जनता के सामने रखेगी। उन्होंने कहा कि वर्षों की मेहनत, कानूनों और संसद की प्रक्रिया से मजबूत हुई संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान की जरूरत

भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में वैष्णव ने कहा कि लोकतंत्र का आधार निष्पक्ष चुनाव और सही मतदाता सूची है। उन्होंने कहा कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) संविधान के तहत निर्धारित प्रक्रिया है और यह पहली बार नहीं हो रही। आजादी के बाद कई बार यह प्रक्रिया अपनाई जा चुकी है। ऐसे में कांग्रेस की ओर से उठाए जा रहे सवालों का कोई औचित्य नहीं है।



ईवीएम पर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार

रेल मंत्री ने ईवीएम को लेकर कांग्रेस के रुख पर सवाल उठाते हुए कहा कि ईवीएम से पहले चुनाव प्रक्रिया में कई तरह की अनियमितताओं की शिकायतें आती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले बूथ कब्जे और फर्जी मतदान जैसी घटनाएं होती थीं, लेकिन ईवीएम आने के बाद इन पर प्रभावी रोक लगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब जिस बैलेट पेपर व्यवस्था की मांग कर रही है, वह पहले भी लागू रही है।

एसआईआर पर संसद में चर्चा की चुनौती

वैष्णव ने कांग्रेस को एसआईआर सहित सभी मुद्दों पर संसद में चर्चा की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि संसद देश की सबसे बड़ी पंचायत है और सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चर्चा की मांग तो करती है, लेकिन बहस के दौरान सदन से बाहर चली जाती है।

कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप

रेल मंत्री ने कांग्रेस के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल और अन्य घटनाएं बताती हैं कि कांग्रेस ने कई बार संवैधानिक व्यवस्थाओं को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि अब देश की राजनीति वोट बैंक से आगे बढ़कर विकास के मुद्दों पर केंद्रित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और सशक्त राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और देश की जनता इस यात्रा में सहभागी है।

रेडिमेड सहित मनपसंद कपड़े सिलवाने वालों की भी अच्छी तादाद

दीपावली पर बाजारों में खरीदारी की धूम रेडीमेड व कपड़ों की दुकानों पर उमड़ी भीड़





सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक लगातार बढ़ रही है। त्योहार की तैयारियों के बीच कपड़ों की दुकानों पर खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। रेडीमेड कपड़ों के प्रतिष्ठानों से लेकर कपड़ा व्यवसायियों और सिलाई के काम से जुड़े दुकानदारों तक ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है। हर कोई दीपावली के अवसर पर अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार नए कपड़े खरीदने या सिलवाने में जुटा हुआ है। कपड़ा व्यवसायियों के यहां भी खरीदारी का दौर जारी है। ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं है, जो बाजार में उपलब्ध तैयार परिधानों के बजाय अपनी पसंद, नाप और डिजाइन के अनुसार कपड़े सिलवाना पसंद करते हैं। जलदबाजी के चलते रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर अपेक्षाकृत अधिक भीड़ नजर आ रही है। भारतीय संस्कृति के प्रमुख त्योहार दीपावली पर नए कपड़े पहनने की भी विशेष परंपरा रही है। यही वजह है कि दीपावली नजदीक आते ही कपड़ा बाजार में खरीदारी का सिलसिला तेज हो जाता है। परिवार के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए कपड़ों की खरीदारी की जा रही है। वहीं महिलाओं और युवाओं में भी त्योहार के अनुरूप आकर्षक परिधान खरीदने का उत्साह दिखाई दे रहा है।

सिले सिलाये कपड़ों पर ज्यादा जोर



आजकल महिलाएं व बच्चों में सिले सिलाये यानि रेडिमेड कपड़ों की ओर रूझान ज्यादा है। इसके बावजूद बहुत से परिवारों में आज भी अनेक महिलाएं व बच्चियां बाजार से कपड़ा खरीदकर अपनी मनपसंद के डिजाईन और फिटिंग के लिए टेलर्स से नाप देकर कपड़े सिलवा रही हैं। इसके चलते कारीगरों का काम चल रहा है। कुल मिलाकर पहले वाली बात दर्जी के काम में नहीं रही। नये टेलर बनने को कोई राजी नहीं है। पहले जहां दीपावली से एक-एक महीना पहले लोग अपने कपड़ों की सिलाई के लिए बुक करवाते थे, और टेलर्स दिन रात करके उनका काम पूरा करके देते थे। अब उतना काम नहीं रहा। रेडिमेड कपड़ों में फैशन और डिजाईन ना केवल हर रोज बदलते रहते हैं, बल्कि सभी को आकर्षित भी करते हैं। बढ़ी महंगाई के चलते गुणवत्ता का कपड़ा खरीदकर कपड़े सिलवाना महंगा भी पड़ता है। -महेन्द्र कुमार कामरा, टेलर

ज्यादा मारामारी नहीं काम ठीक



उनके यहां अनस्टिच्ड लेडीज सूट व साड़ी, कपड़े का व्यवसाय है। काम की ज्यादा मारामारी नहीं है। महंगाई की मार के साथ साथ रेडिमेड कपड़ों में शूट व अन्य सामग्री ऑनलाइन बिक्री ने भी कपड़ा व्यवसाय को प्रभावित किया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी होनेवाला प्रचार प्रसार काम पर असर डालता है। सभी कपड़ों में ऑल ओवर 15 से 20 प्रतिशत की तेजी का रुख है।
-पंकज अग्रवाल, कपड़ा व्यवसायी

काम है पर पहले जैसा नहीं



मनचाहे कपड़े का चयन कर उसे अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार तैयार करवाने की परंपरा आज भी कायम है। खासकर ऐसे लोग, जो कपड़ों की फिटिंग, डिजाइन और कपड़े की गुणवत्ता को प्राथमिकता देते हैं, वे कपड़ा खरीदकर सिलाई करवाना पसंद कर रहे हैं। हालांकि पहले जितना काम टेलर्स के पास था उतना नहीं है। पहले दीपावली या किसी भी त्योहार से पहले टेलर्स की दुकानों पर एडवांस काम पड़ा रहता था और ग्राहकों को इंतजार करना पड़ता था। मुख्य टेलर मास्टर सिर्फ कपड़े की कटाई का कार्य ही दिनभर में पूरा कर पाता था और कारीगर दिनरात लगकर काम को पूरा कर पाते थे। अब वो स्थिति नहीं है। अब जेन्टस में मनचाहे रंग और गुणवत्ता वाले कपड़े से सफारी सूट, कोट पेंट, कुर्ता-पायजामा आदि सिलवाने के लिए आज भी टेलर्स के पास लोग आते हैं। - मनोज चुघ

रेडीमेड कपड़ों की ओर बढ़ रहा रुझान



कम समय में खरीदारी पूरी करने, तत्काल उपलब्धता और उपहार देने की सुविधा के चलते लोग रेडीमेड कपड़ों को प्राथमिकता दे रहे हैं। हालांकि रेडिमेड व्यवसाय में भी काम सभी प्रतिष्ठानों पर एक जैसा नहीं है। रेडिमेड व्यवसाय में वैरायटी की जीत है, अगर वैरायटी ज्यादा नहीं हो तो ग्राहकी कम रहती है। उनके यहां बच्चों से लेकर बड़ों के सभी प्रकार के कपड़े उपलब्ध हैं। काम पिछली दीपावली से कुछ डाउन ही है।
-राहुल जग्गा, रेडिमेड व्यवसायी

बिरला पब्लिक स्कूल में दीपावली उत्सव की धूम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



बिरला पब्लिक स्कूल, गंगानगर में दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपावली पूजन से हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण-अनुकूल रंगोली, दीवार सज्जा, तोरण निर्माण, दीपक निर्माण एवं बिना अग्नि के भोजन बनाने जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंगोली एवं दीवार सज्जा में विजडम सदन प्रथम रहा, जबकि बिना अग्नि भोजन प्रतियोगिता में ब्रेवरी सदन ने बाजी मारी। उप-प्रधानाचार्या सुशीला सहारण एवं प्रधानाध्यापिका आकांक्षा खुल्लर ने विद्यार्थियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और खुशियां बांटने का संदेश दिया। आयोजन में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का सहयोग सराहनीय रहा।

'REYAH' शोरूम पर सिल्वर, गोल्ड और डायमंड के लिए विशेष ऑफर्स



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

स्थानीय गौशाला रोड, बीरबल चौक के पास (12 जे ब्लॉक) श्रीगंगानगर में 'REYAH' (सिल्वर, गोल्ड और डायमंड) शोरूम पर इस त्योहारी सीजन में ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर्स शुरू किया गया है। यह श्रीगंगानगर का पहला शुद्ध चाँदी का स्टोर है। डायमंड ज्वैलरी पर 0% मेकिंग चार्ज की सुविधा दी जा रही है। फाइन सिल्वर ज्वैलरी पर एमआरपी पर 25% तक की छूट उपलब्ध है। इस स्टोर के खुलने से शहरवासियों को त्योहारी सीजन में खरीदारी के लिए एक बेहतरीन और नया विकल्प मिला है। धनतेरस को लेकर भी उत्साह का माहौल है। ज्वैलरी की शुद्धता के चलते इस स्टोर पर लोग खरीददारी के लिए पहुंच रहे हैं।

अर्बन रॉयल फर्नीचर का विशेष ऑफर

दीपावली पर 12% छूट के साथ उपहारों की सौगात



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

दीपावली के अवसर पर रिद्धि-सिद्धि प्रथम स्थित अर्बन रॉयल फर्नीचर ने ग्राहकों के लिए विशेष त्योहारी ऑफर की घोषणा की है। ऑफर के तहत फर्नीचर की खरीद पर ग्राहक 12 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, 7-सीटर सोफा सेट खरीदने पर आकर्षक सेंटर टेबल मुफ्त दी जाएगी। ग्राहक अपनी सुविधा के अनुसार दोनों में से किसी एक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, किसी भी बेड की खरीद पर 5 वर्ष की वारंटी वाला मैट्रेस निःशुल्क दिया जाएगा। शोरूम में आधुनिक डिजाइन के प्रीमियम सोफा सेट, डिजाइनर बेड, डाइनिंग टेबल और अन्य लग्जरी फर्नीचर की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। शोरूम प्रबंधन ने बताया कि दीपावली के शुभ अवसर पर ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता, आकर्षक डिजाइन और किफायती खरीदारी का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष ऑफर शुरू किया गया है, ताकि ग्राहक अपने घर को नए और आधुनिक फर्नीचर से सजा सकें।

14 नवंबर को होगा चौथे चरण का मतदान: श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के चौथे चरण में श्रीगंगानगर जिले की आठ पंचायत समितियों श्रीगंगानगर उत्तर-दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घड़साना, रायसिंहनगर, पदमपुर और श्रीकरणपुर में पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए 14 नवंबर को मतदान होगा। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक ईवीएम से होगा। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 नवंबर को, नाम वापसी 6 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक होगी। इसके बाद चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। मतदान के बाद मतगणना 20 नवंबर को सुबह 8 बजे से शुरू होगी।

कार्यालय नगर पालिका पीलीबंगा
जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान)

क्रमांक : 4310 दिनांक :2.11.2026

आमजन से विशेष अपील

स्वच्छ पीलीबंगा - सुंदर पीलीबंगा - हमारा संकल्प, हमारा शहर

आइए! मिलकर पीलीबंगा को स्वच्छ, सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त बनाएं

समस्त नगरवासियों, व्यापारियों एवं आमजन से विनम्र अपील है कि शहर को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित एवं जलभराव मुक्त बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें।

नागरिकों से विशेष आग्रह

- **स्वच्छता अपनाएं:** कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। गीले एवं सूखे कचरे को अलग रखें।
- **नालियां साफ रखें:** नालियों में प्लास्टिक, कचरा एवं निर्माण सामग्री न डालें।
- **अतिक्रमण से बचें :** दुकानों के बाहर सड़क एवं फुटपाथ पर सामान रखकर रास्ता अवरुद्ध न करें।
- **पॉलीथिन को कहें ना:** प्रतिबंधित प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों का उपयोग करें।
- **सड़क पर निर्माण सामग्री न रखें:** रेत, बजरी, ईंट एवं निर्माण मलबे का उचित निस्तारण करें।
- **जल संरक्षण करें:** पेयजल की बर्बादी रोकें और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करें।
- **नगर पालिका का सहयोग करें:** सफाई, कचरा संग्रहण एवं जल निकासी संबंधी समस्याओं की सूचना नगर पालिका कार्यालय को दें।

आपका एक छोटा प्रयास, पीलीबंगा के विकास में बड़ा योगदान!

शहर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।
आइए, अपने शहर को स्वच्छता और सुंदरता की नई पहचान दिलाने का संकल्प लें।

आपका सहयोग-शहर का विकास

अरविंद जोशी
पालिका अध्यक्ष

अमर कुमार
अधिशाषी अधिकारी

नगरपालिका पीलीबंगा

राजस्थान सरकार

कार्यालय नगरपालिका केसरीसिंहपुर, श्रीगंगानगर (राज.)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

Telefax No. 01501-233028, Email :- nagarpalikakspr@gmail.com
Office Address:- Ward No. 13 Kaminpura Road, Kesrisinghpur (Raj.) 335027

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक : नपाके 8565

सार्वजनिक सूचना

दिनांक : 5/11/26

नगरपालिका प्रशासन, केसरीसिंहपुर की ओर से कस्बे के समस्त तंबाकू विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि जिन दुकानदारों ने अभी तक तंबाकू विक्रय का लाइसेंस प्राप्त नहीं किया है, वे इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से आगामी 7 दिवस के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित नगर पालिका कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर अपना लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करें। अधिशासी अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बिना वैध लाइसेंस के तंबाकू उत्पादों का विक्रय करते पाए जाने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना, चालान एवं दुकान सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन द्वारा पूर्व में कस्बे में तंबाकू विक्रेताओं का सर्वे भी करवाया गया था। ऐसे दुकानदार जो पूर्व में तंबाकू उत्पादों का विक्रय करते थे, लेकिन वर्तमान में यह व्यवसाय बंद कर चुके हैं, वे भी नगर पालिका कार्यालय में उपस्थित होकर इसकी सूचना देना सुनिश्चित करें, ताकि अभिलेखों को अद्यतन किया जा सके।

अतः समस्त संबंधित तंबाकू विक्रेताओं से अपील है कि निर्धारित समयावधि में आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करें तथा नियमानुसार तंबाकू विक्रय का लाइसेंस प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

आकांक्षा चौधरी
अध्यक्ष
नगरपालिका केसरीसिंहपुर (राज.)

विश्वास गोदारा
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका केसरीसिंहपुर (राज.)

दीपावली के त्योहार पर मिठाई वजन और गैस सिलेंडर आपूर्ति का औचक निरीक्षण

विधिक माप विज्ञान अधिकारी ने की कार्यवाही, अनियमिताओं पर 15000 रु. का जुर्माना

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदाराके निर्देशानुसार विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009, पैकेज कमोडिटी नियम-2011 व राजस्थान विधिक माप विज्ञान नियम-2011 के तहत विधिक माप विज्ञान अधिकारी अमित कुमार द्वारा गुरूवार को श्रीविजयनगर स्तिथ धींगड़ा रेस्टोरेंट, ग्रीन मिष्ठान भण्डार का औचक निरीक्षण किया। कुमार ने बताया कि इस दौरान उपभोक्ताओं को मिठाई का सही वजन मिले, जिसके



लिए अधिकारी ने बोगस ग्राहक बन कर मिठाई खरीदी व कांटों का परीक्षण किया। दोनों फर्मों पर मिठाई का सही वजन देना पाया गया व कांटें सत्यापित नहीं पाए गए। दोनों फर्मों पर प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कुल 10000 का जुर्माना लगाया। भगवती गैस एजेंसी बीपीसीएल विजयनगर के एलपीजी सिलेंडर आपूर्ति पिकअप के साथ सिलेंडर तौलने हेतु कांटा नहीं पाया। इस पर प्रकरण दर्ज कर 5000 का जुर्माना लगाया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भी जिले में संचालित फर्मों की नियमित जांच जारी रहेगी व दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना व व्यापारिक प्रतिष्ठानों में नियमों की अनुपालना सुनिश्चित कराना है। विभाग ने सभी व्यापारियों से केवल प्रमाणित व सत्यापित कांटा-बांट का उपयोग व मिठाई के वजन में डिब्बे का वजन शामिल नहीं करने की अपील की है।

मौसम

अधिकतम	न्यूनतम
31.6°	18.3°

आर्द्रता

सुबह	शाम
78%	53%

विंड स्पीड

2-8KM/h

आज का सूर्यास्त

05:44PM

कल का सूर्योदय

06:53AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,44,560

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,33,690

चांदी (प्रति किलो) ₹1,90,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

खाद्य टीम ने दुकानों से खराब मिठाईयां व आलू नष्ट करवाए

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर सहित रायसिंहनगर, श्रीविजयनगर, अनूपगढ़ एवं घड़साना में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि जिला मुख्यालय पर दुर्गा मंदिर मार्केट में रमेश चौक के पास विनय प्रोविजनल से हल्दी पाउडर एवं मिर्च पाउडर, यहीं सागर मसाला हाउस से सागर पंजीरी व हल्दी पाउडर, उदाराम चौक पुरानी आबादी स्थित चौधरी स्वीट्स से सैंडपीस व बेसन लड्डू और एसएसबी मार्ग स्थित सुरेश स्वीट्स से नारियल बर्फी, मीठा मावा एवं मावा बर्फी के सैंपल लिए गए। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजूबाला, रेणु चौधरी व उर्मिला भादू की टीम ने की। सुरेश



स्वीट्स के गोदाम में निरीक्षण के दौरान खराब मिली करीब 10 किलो मिठाइयां एवं करीब 10 किलो आलू नष्ट करवाए गए। रायसिंहनगर में एसएसओ नित्या शर्मा व कंवरपाल सिंह ने जय भवानी जोधपुर मिष्ठान भंडार से चमचम व गुलाब जामुन, बस स्टैंड के पास स्थित शर्मा मिष्ठान भंडार एंड टी स्टॉल से कचौरी, गोदारा डेयरी से गाय के दूध व जतिन ट्रेडिंग कंपनी से खुली चायपत्ती व संजीवनी ब्रांड के खाद्य तेल का सैंपल लिया। श्रीविजयनगर में मेसर्स ग्रीन मिष्ठान भंडार से मावा मिठाई व गुलाब जामुन, ढींगड़ा रेस्टोरेंट से गुलाब जामुन, गोंद पाक व मिल्क केक के सैंपल लिए। यहां खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेतराम खुड़िया ने सैंपलिंग की कार्रवाई की।

इसी तरह एफएसओ नरेश सेवदा व अनिल शर्मा ने अनूपगढ़ क्षेत्र के बांडा स्थित श्री खाटू श्याम मिष्ठान भंडार से गुलाब जामुन व श्री बालाजी मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी का सैंपल लिया। घड़साना स्थित शिव मावा भंडार से मावा, वीरेंद्र मिष्ठान भंडार से पैक्ड सोन पापड़ी तथा हंस फूड प्रोडक्ट से मोतीचूर के लड्डू एवं पनीर के सैंपल लिए।











टैक्सी और फ्लीट कारोबार को ध्यान में रखकर उतारा गया नया संस्करण, कीमतों में नहीं किया गया बदलाव

टोयोटा ने पेश की नई इनोवा क्रिस्टा लाइमो, सात एयरबैग समेत कई खूबियों से लैस

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने व्यावसायिक ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए अपनी लोकप्रिय एमपीवी *इनोवा क्रिस्टा लाइमो संस्करण पेश किया है। यह नया संस्करण खास तौर पर टैक्सी, किराये की गाड़ी और यात्री परिवहन से जुड़े ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। कंपनी ने इसे जीएक्स-एसएलएफ श्रेणी में उतारा है और इसकी कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कंपनी का मानना है कि इस नए संस्करण के जरिए व्यावसायिक वाहन बाजार में इनोवा क्रिस्टा की मजबूत स्थिति और बेहतर होगी।



लंबी दूरी के सफर के लिए तैयार

टोयोटा के अनुसार, इनोवा क्रिस्टा लाइमो को ऐसे ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिन्हें ज्यादा चलने वाली, आरामदायक और भरोसेमंद गाड़ी की जरूरत होती है। इसमें कंपनी का 2.4 लीटर डीजल इंजन दिया गया है, जो मैनुअल गियरबॉक्स के साथ आता है। यह इंजन कम गति पर भी बेहतर ताकत देने में सक्षम है। कंपनी के मुताबिक, यह गाड़ी करीब 15 किलोमीटर प्रति लीटर तक का माइलेज देने में सक्षम है।

आराम और सुविधा के कई फीचर्स

इनोवा क्रिस्टा लाइमो में यात्रियों के लिए तीनों कतारों में वातानुकूलन सुविधा, पर्याप्त लेगरूम और हेडरूम उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा इसमें टचस्क्रीन मनोरंजन प्रणाली, स्मार्टफोन कनेक्टिविटी और स्टीयरिंग पर नियंत्रण बटन जैसे फीचर्स भी मिलते हैं।

गंगनहर का वरीयताक्रम

06 नवम्बर 2026, शुक्रवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एलएनपी	527 (7)	30 अक्टूबर प्रातः 3 बजे	06 नवम्बर रात्रि 9 बजे
ईईए	587 (7)	30 अक्टूबर प्रातः 9 बजे	06 नवम्बर सायं 6 बजे
बीबी	785 (5)	01 नवम्बर प्रातः 3 बजे	08 नवम्बर सायं 6 बजे
एमके	883 (5)	01 नवम्बर प्रातः 3 बजे	08 नवम्बर रात्रि 9 बजे
एच	1190(3)	03 अक्टूबर सायं 6 बजे	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे
वाई	1221(3)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जैड	1376(3)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	1394(3)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
बीआईएफ+जे	1435(3)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
पीएस	1595(3)	03 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	11 नवम्बर दोपहर 12 बजे
समेजा	1797		
आरबी	2067		
एचएच	2102		
रिडमलसर	2113		
फार्म	2174		
जीजी	2375		
हिरणावाली	2397		
नेतेवाला	2418		
केके	2431		03 नवम्बर रात्रि 9 बजे
एफ	2934		03 नवम्बर सायं 6 बजे
करणीजी	3264		01 नवम्बर प्रातः6 बजे
एमएलए	3305		30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएल	3365		30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे

नोट : गंगनहर में गुरुवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1449 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6588	साहवा	250
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	162
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	6360
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

बुधवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 05.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.65
पानी की आवक - 8259 क्यूसेक, निकासी- 8100 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1356.60
पानी की आवक- 1902 क्यू., निकासी- 14017 क्यू., बीकानेर - 2169

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

5 नवम्बर से 13 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

नगराना	78	नाथवाना	1449
लीलांवाली	326	प्रतापपुरा	1554
भाखरांवाली	376	हरिपुरा	1567
करनीसिंह	731	दीनगढ़	1580
मम्मड़खेड़ा	926	सूरतपुरा	1589
जोड़कियां	1036	मोडिया	1749
सूरतगढ़	1156	लोंगवाला	1884
भगतपुरा	1194	पीलीबंगा	2099
संगरिया	1200	अमरपुरा	2192
मोरजंडा	1410	रोड़ांवाली	2205
रतनपुरा	1421	नवां-सतीपुरा	2216

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 9160-7800 (आ. 667 क्विं.), मूंग 8140-6600 (आ. 306 क्विं.), ग्वार 7906-6595 (आ. 116 क्विं.), नरमा 8916-8515 (आ. 1036 क्विं.), बाजरा 2694-2662 (आ. 80 क्विं.), कपास 8600-8545 (आ. 14 क्विं.), मक्का 2755-2580 (आ. 130 क्विं.), गेहूं 2700 (आ. 105 क्विं.), **घड़साना:** मूंग 8625-5000, नरमा 8760-8520, सरसों 8836-8274, ग्वार 7825-7200, **अनूपगढ़ :** नरमा 8873-8690, चना 4660-3800, मूंग 8400-7000, सरसों 8931-8364, ग्वार 7786-7451, बाजरा 2845-2790, कपास 8000-7400, गेहूं 2765, **श्रीकरणपुर:** नरमा 8937-7770, कपास 8500, सरसों 8992-8500, ग्वार 7878-6491, मूंग 8251-8095, **गजसिंहपुर:** सरसों 8322-8733, ग्वार 6900-7731, चना 6665-6795, मूंग 7000-8400, नरमा 8000-8791, कपास 8351, बाजरा 2551, **रायसिंहनगर:** सरसों 8201-8835, चना 6400-6900, गेहूं 2650-2725, मूंग 6900-8481, नरमा 8648-8383, कपास 8225, ग्वार 7725-8200, बाजरी 2771-2771,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: कपास 8726, नरमा व्यापारी 8775, बाजरा 2580, ग्वार 7900, मूंग 7500, धान पीआर 2386, धान मुछल 4341, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8300, ग्वार 7900, **हनुमानगढ टा:** कपास 8600, नरमा 8700, बाजरा 2561, ग्वार 7685, मूंग 7850, धान पीआर 2575, धान मुछल 4769, **रावतसर :** कपास 8400, नरमा 8711, गेहूं 2876, बाजरा 2607, ग्वार 7871, चना 6671, मूंग 7952, मोठ 8541, सरसों 8791, तिल 14600, अरण्डी 7701, मूंगफली 7861, **नोहर :** गेहूं 2898, बाजरा 2276, ग्वार 7722, चना 7050, मूंग 8060, मोठ 8400, सरसों 8825, अरण्डी 8305, मूंगफली 7550, **भादरा:** ग्वार 7855, मूंग 7871, **संगरिया :** नरमा 8651, गेहूं 2755, बाजरा 2701, ग्वार 7831, चना 6200, मूंग 7555, सरसों 8583, मक्का 2580, **गोलूवाला:** कपास 8450, नरमा 8750, बाजरा 2623, ग्वार 7851, चना 6150, मूंग 8246, सरसों 8500, तिल 16700, **पीलीबंगा :** कपास 9000, नरमा 8900, गेहूं 2876, बाजरा 2641, ग्वार 7885, सरसों 8332, धान पीआर 2300.



सीमा सन्देश की किसान-जागरूकता श्रृंखला

जागो किसान जागो पूरा हिसाब

ट्रैक्टर खरीदो, ठगी नहीं

सीजन-2

एपिसोड 15 06 नवम्बर

सीमा सन्देश

धनतेरस पर खरीद रहे हैं ट्रैक्टर?

शुभ खरीदारी से पहले इन 4 बातों का रखें ध्यान

त्योहार की खुशी में न भूलें जरूरी जांच-पड़ताल, ट्रैक्टर की कीमत से लेकर बीमा फाइनेंस और आरसी तक हर दस्तावेज का रखें पूरा हिसाब

धनतेरस पर वाहन और कृषि उपकरण खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसे में बड़ी संख्या में किसान इस अवसर पर नया ट्रैक्टर खरीदने की योजना बनाते हैं। लेकिन शुभ मुहूर्त में की गई खरीदारी कहीं बाद में परेशानी का कारण न बन जाए, इसके लिए कुछ जरूरी सावधानियां बरतना बेहद जरूरी है।

ट्रैक्टर खरीदने से पहले कंपनी की वेबसाइट पर मॉडल, HP, कीमत और फीचर्स जांचें तथा 2-3 अधिकृत डीलरों से लिखित कोटेशन लें। शोरूम में ऑन-रोड कीमत का पूरा ब्रेकअप, GST, एक्सेसरीज और त्योहारों पर मिलने वाली स्कीम लिखित में लें। फाइनेंस कराने पर KFS, ब्याज दर, किस्तों का शेड्यूल और प्रत्येक भुगतान की रसीद जरूर लें।

ट्रैक्टर की डिलीवरी के समय बिल पर मॉडल, इंजन और चेसिस नंबर का मिलान करें। बीमा पॉलिसी, वारंटी कार्ड और सर्विस बुक पर मुहर लगवाएं। पुराने ट्रैक्टर के एक्सचेंज पर उसकी कीमत और आरसी ट्रांसफर की लिखित पावती लें। खरीदारी के बाद आरसी का विवरण भी बिल से मिलाएं।

किसान भाइयों! साथ दी गई चेकलिस्ट को शोरूम जाने से पहले जरूर पढ़ें और हर बिंदु पर टिक लगाकर अपनी मेहनत की कमाई सुरक्षित रखें।

याद रखें–खरीदारी शुभ मुहूर्त में करें, लेकिन फैसला पूरी जांच के बाद ही लें।

1. शोरूम जाने से पहले

क्या ट्रैक्टर खरीदने की जरूरत और बजट का पूरा हिसाब किया?

- ☐ क्या नया ट्रैक्टर खरीदना सच में जरूरी है?
- ☐ कंपनी की वेबसाइट पर मॉडल का HP, CC और कीमत देखी।
- ☐ 2-3 डीलरों से लिखित कोटेशन लिया।
- ☐ डीलर अधिकृत है, इसकी कंपनी से पुष्टि की।
- ☐ बैंक/सहकारी बैंक से भी लोन का कोटेशन लिया।

2. शोरूम में

क्या ट्रैक्टर की कीमत, ऑफर और लोन की शर्तें लिखित में लीं?

- ☐ ऑन-रोड कीमत का पूरा ब्रेकअप लिखित में लिया।
- ☐ बिल में GST 5% अलग से स्पष्ट लिखा है।
- ☐ पुराने ट्रैक्टर की कीमत अलग से लिखित में तय हुई।
- ☐ त्योहारी स्कीम और ऑफर लिखित में लिए।
- ☐ लोन का KFS, सैंक्शन लेटर और किस्तों की सूची ली।

3. चाबी लेने से पहले

क्या ट्रैक्टर, दस्तावेज और वारंटी की पूरी जांच की?

- ☐ बिल पर मॉडल, वेरिएंट, HP, इंजन व चेसिस नंबर ट्रैक्टर से मिलाए।
- ☐ कंपनी की मूल एक्सेसरीज की पूरी सूची ली।
- ☐ बीमा पॉलिसी में अपना नाम और मोबाइल नंबर जांचा।
- ☐ वारंटी कार्ड और सर्विस बुक पर मुहर लगवाई।
- ☐ पुराने ट्रैक्टर की RC ट्रांसफर की लिखित पावती ली।

4. खरीद के बाद

क्या सभी दस्तावेज और भुगतान का हिसाब सुरक्षित रखा?

- ☐ RC का विवरण बिल से मिलाया।
- ☐ हर किश्त की रसीद ली और हर 2-3 महीने में लोन स्टेटमेंट देखा।
- ☐ हर सर्विस पर जॉब कार्ड लिया।
- ☐ सर्विस के दौरान कौनसे पार्ट बदले जाते हैं इसकी जानकारी जरूरी।

ट्रैक्टर खरीदते समय किसान को ये अधिकार जरूर मिलने चाहिए:

ट्रैक्टर कंपनियों से: हर मॉडल का एक्स-शोरूम दाम, असली HP और मुफ्त एक्सेसरीज की सूची शोरूम पर हिन्दी में प्रदर्शित हो। घोषित हर स्कीम का लाभ बिल में दर्ज हो।

डीलरों से:- हर मद का अलग लिखित बिल और हर भुगतान की रसीद मिले। एक्सचेंज में पुराने ट्रैक्टर की RC समय पर ट्रांसफर हो।

फाइनेंस कंपनियों से:-हर लोन पर हिंदी में KFS और हर किस्त की रसीद SMS से मिले। बिना नोटिस और नियम के कोई जबरन वसूली न हो।

प्रशासन से : RC जारी करते समय बिल और कंपनी विवरण का मिलान हो। जिला स्तर पर ट्रैक्टर फाइनेंस शिकायतों के लिए विशेष शिविर लगाए जाएं।

ध्यान रखें- जरूरी शर्तें पूरी होने पर ही ट्रैक्टर खरीदें!

उपभोक्ता हेल्पलाइन 1915 | RBI लोकपाल 14448

सीमा सन्देश WHATSAPP 93528-93528

किसान की बात, किसान के साथ – यही है सीमा सन्देश की पहचान 1951 से

पंचायती राज चुनाव को लेकर चूरू में सरगर्मियां तेज

राजेंद्र राठौड़ और हरलाल सहारण ने किया गांवों का दौरा

सीमा सन्देश # चूरू



जिले में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और चूरू विधायक हरलाल सहारण ने बुधवार को घंटेल, कोटवाद, चलकोई, इन्द्रपुरा व कड़वासर में चौपाल सभाएं कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। राठौड़ ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और गांवों की समस्याओं के समाधान में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने ग्रामीणों से आगामी चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन की अपील की। विधायक हरलाल सहारण ने सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत मुद्दों पर चर्चा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं के सशक्त होने पर जोर दिया। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति विनय गोयनका, विक्रम सिंह कोटवाद, पार्षद अभिषेक चोटिया, सुनील ढाका, नरेंद्र कोटवाद, चेतराम सहारण, अश्वनी बुडानिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

तारानगर में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन



सीमा सन्देश # तारानगर। तारानगर पंचायत समिति सदस्य चुनाव के अंतिम दिन बुधवार को नेचर पार्क के पास कांग्रेस की एक बड़ी सभा आयोजित हुई। इसमें विधायक नरेंद्र बुडानिया और सांसद राहुल कस्वां सहित कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए विधायक बुडानिया ने कार्यकर्ताओं से आपसी मनमुटाव भुलाकर एकजुट होने और पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने सत्ता पक्ष पर हर हथकंडा अपनाकर जिला परिषद और पंचायत समितियों पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाया। वहीं, सांसद राहुल कस्वां ने भी कार्यकताओं से जी-जान से चुनाव प्रचार में जुटने की अपील की। सभा के बाद सभी कांग्रेस प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस अवसर पर तिलोक राम कस्वां, हरिसिंह बेनीवाल, मुंशी खां तेली, उमाशंकर शर्मा, भागीरथ भामी और मोहरसिंह ज्यानी समेत अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

केवी में बिरसा मुंडा को किया नमन



श्रीगंगानगर। गंगानगर छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 1 से 15 नवंबर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस दौरान पोस्टर मेकिंग, आदिवासी नृत्य, निबंध लेखन और वॉल पेंटिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को प्रार्थना सभा में महान जनजातीय क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के जीवन और योगदान पर आधारित विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से उनके संघर्ष और बलिदान को प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार जांगिड़ ने जनजातीय गौरव पखवाड़े के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बिरसा मुंडा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने भाग लेकर जनजातीय विरासत और स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

एक प्रयास संस्था ने बच्चों को बांटी दीपावली किट

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



'एक प्रयास' संस्था द्वारा 'नन्ही मुस्कान-एक मुस्कान सबके लिए अभियान' के तहत गुरुवार को सूरतगढ़ रोड हनुमानजी की मूर्ति और बापू नगर के पास झुग्गी-झोपड़ियों के जरूरतमंद बच्चों को दीपावली किट बांटी गईं। बच्चों को मिठाई, दीये, स्टेशनरी, बिस्किट, चॉकलेट, वेफर्स, जुराबें और सेब दिए गए, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। संस्था के अनुसार खुशियां बांटने का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहेगा। इस मौके पर दीपक शेरेवाला, अश्विनी बंसल, मनोज कोठारी, राधेश्याम गणेशगढ़िया, राकेश गोयल, डॉ. शैलेश गोयल, डॉ. संजीव जिंदल, डॉ. देशबंधु गुप्ता, अजय झुंथरा, विजय सरावगी, गौरव गुप्ता, भीमसेन सिंगल, राहुल बंसल और कमल अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आदर्श क्रिएटिव स्कूल में दीपोत्सव-2026 आयोजित

सरदारशहर। बीकानेर रोड स्थित आदर्श क्रिएटिव स्कूल में ह्यदीपोत्सव-2026 : उमंग, उत्साह एवं प्रतिभा का संगमह्व कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान रंगोली, ग्रीन दीपावली और नृत्य प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आदर्श ग्रुप के निदेशक गिरीश लाटा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मिट्टी के दीये जलाने, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिव रतन पारीक, अभिमन्यु लाटा एवं डॉ. पी.के. पांडिया ने एमटीएस टेस्ट के टॉपर्स विद्यार्थियों को 1100-1100 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर आर.के. स्वामी, रजत जोशी, गीतांजलि पारीक, हिमानी डूगर, नरेंद्र स्वामी, आकांक्षा पारीक, अरुण शर्मा सहित समस्त शिक्षकगण और विद्यार्थी मौजूद रहे।



चौथे चरण में सरपंच, पंच पद के लिये मतदान 16 नवम्बर को

श्रीगंगानगर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 की घोषणा के तहत जिले में सरपंच, पंच और उपसरंपच पदों के लिये निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण में जिले की श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घडसाना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर पंचायत समिति के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिये मतदान 16 नवम्बर 2026 को होगा। चौथे चरण में जिले की श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घडसाना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर पंचायत समिति के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिये लोक सूचना 31 अक्टूबर 2026 को जारी की गई। नामांकन प्रस्तुत करने की तिथि 15 नवम्बर 2026 निर्धारित की गई है। इसी दिन प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का समय रहेगा। नामांकन की संवीक्षा प्रातः 11.30 बजे से होगी। नाम वापसी का समय दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इसके पश्चात अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करते हुए सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 16 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक मतदान और मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद पंच व सरपंच की मतगणना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही होगी। 17 नवम्बर को उपसरपंच का चुनाव करवाया जायेगा।

पंचायत चुनाव में 95 प्रतिशत मतदान



जानकीदासवाला। पंचायत चुनाव में सुबह से लेकर शाम तक मतदान केन्द्र पर लाइनें लगी रहीं। यहां शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। 95 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रत्याशियों ने मतदाताओं को घर से मतदान केंद्र तक पहुंचाने में खूब भागदौड़ की।



दरिया बनकर किसी को डूबाना बहुत आसान है, बात तो तब बनेगी जब आप जरिया बनकर किसी को बचाएं।

संपादकीय

पेट्रोल से ज्यादा अब रोटी की चिंता

पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण यानी ई-20 योजना को भारत ने तय समय से पहले पूरा कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। इस योजना का उद्देश्य केवल पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता कम करना ही नहीं, बल्कि विदेशी मुद्रा की बचत और किसानों की आय बढ़ाना भी था। लेकिन अब बदलते हालात ने इस लक्ष्य के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। सवाल अब केवल पेट्रोल की कीमतों का नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और महंगाई का भी है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयातित कच्चे तेल से पूरा करता है। ऐसे में इथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देकर सरकार तेल आयात का खर्च कम करना चाहती है। गन्ना, मक्का और चावल जैसे कृषि उत्पादों से बनने वाला इथेनॉल इस दिशा में महत्वपूर्ण विकल्प माना गया। यही वजह रही कि सरकार ने ई-20 लक्ष्य को तेजी से आगे बढ़ाया और इसमें सफलता भी मिली।

लेकिन इस वर्ष कम बारिश और मौसम की अनिश्चितता ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है। गन्ना और मक्का जैसी फसलों की पैदावार में कमी की आशंका के कारण इनके दामों में तेजी आई है। मक्का और चीनी के भाव करीब 40 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं, जबकि इथेनॉल उत्पादन में उपयोग होने वाले चावल की कीमतों में भी लगभग 20 प्रतिशत वृद्धि देखी गई है। ऐसे में इथेनॉल बनाना पहले की तुलना में महंगा हो सकता है।

यहां सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती संतुलन बनाने की है। एक तरफ पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने की योजना को जारी रखना है, जिससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम हो सके। दूसरी तरफ देश की बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त और सस्ता अनाज उपलब्ध कराना भी उतना ही जरूरी है। जब कृषि उत्पादन सीमित हो और मांग बढ़ रही हो, तब खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता देना स्वाभाविक है।

सरकार पहले ही देश के करीब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त या सस्ते राशन की सुविधा उपलब्ध करा रही है, लेकिन बाकी आबादी के लिए महंगाई एक गंभीर चिंता बन सकती है। यदि इथेनॉल की उपलब्धता प्रभावित होती है और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी होती है तो इसका सीधा असर परिवहन लागत पर पड़ेगा। किराया, माल ढुलाई और उत्पादन लागत बढ़ने से रोजमर्रा की जरूरत की लगभग हर वस्तु महंगी हो सकती है।

आज आम आदमी के लिए सबसे बड़ी चिंता सोना-चांदी के भाव नहीं, बल्कि रसोई का बजट है। उसे इस बात से फर्क पड़ता है कि दाल, चावल, आटा और सब्जियां उसकी पहुंच में रहें। आर्थिक नीतियों की असली परीक्षा भी यही है कि विकास के साथ आम लोगों की मूल जरूरतें कितनी सुरक्षित रहती हैं। इथेनॉल योजना देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए जरूरी है, लेकिन इसे खाद्य सुरक्षा की कीमत पर आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। आने वाले समय में सरकार को ऐसी रणनीति बनानी होगी, जिसमें किसानों के हित, पेट्रोलियम आयात में कमी और आम जनता की थाली-तीनों के बीच संतुलन बना रहे। क्योंकि असली चुनौती पेट्रोल की कीमत नहीं, बल्कि हर भारतीय की रोटी को सुरक्षित रखना है। ऐसा न हो कि महंगाई की मार और खाली थाली से त्रस्त लोग थाली बजाना शुरू कर दें।

धनतेरस पर सोना-चाँदी, औषधि और कृषि उपकरण खरीदना शुभ



धनतेरस का नाम आते ही लोगों के मन में सोने-चांदी के आभूषण, पीतल के बर्तन और नई धातु की वस्तुओं की खरीदारी का विचार आता है। मान्यता है कि इस दिन घर में नई वस्तुएं लाने से सुख-समृद्धि आती है और मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। हालांकि, धनतेरस की शुभ खरीदारी केवल धातुओं तक सीमित नहीं है। यह पर्व आरोग्य, समृद्धि और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर भी माना जाता है।

■ भगवान धनवंतरि से जुड़ा है धनतेरस का महत्व

धनतेरस को भगवान धनवंतरि के प्रकटोत्सव के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान भगवान धनवंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। उन्हें आयुर्वेद का जनक माना जाता है। इसी कारण इस दिन स्वास्थ्य और आरोग्य से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी को भी शुभ माना जाता है।

औषधि और आयुर्वेदिक वस्तुओं की खरीदारी

धनतेरस पर कई लोग जड़ी-बूटियां, आयुर्वेदिक औषधियां और स्वास्थ्य से जुड़ी सामग्री खरीदते हैं। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई औषधियां आरोग्य और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक होती हैं। कई स्थानों पर भगवान धनवंतरि की पूजा कर स्वस्थ जीवन की कामना की जाती है।

क्षेत्रों के अनुसार अलग-अलग परंपराएं

उत्तर भारत और ग्रामीण क्षेत्रों में धनतेरस पर घर में उपयोग होने वाली पारंपरिक औषधियां और स्वास्थ्य संबंधी वस्तुएं खरीदने की परंपरा है। पंजाब और हरियाणा समेत कई क्षेत्रों में नई फसल का धान, चावल या धनिया के बीज घर लाकर उनकी पूजा की जाती है। इसे समृद्धि और कृषि संपन्नता का प्रतीक माना जाता है। किसान इस दिन खेती से जुड़े नए उपकरण और औजार खरीदते हैं, जबकि कारीगर अपने काम में उपयोग होने वाले औजारों की पूजा करते हैं।

बर्तनों की खरीदारी का भी विशेष महत्व

धनतेरस पर पीतल, तांबे और चांदी के बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि नए बर्तन घर में बरकत और खुशहाली लाते हैं। हालांकि, कई परंपराओं में इस दिन लोहे की वस्तुएं खरीदने से बचने की सलाह दी जाती है। इस तरह धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदना ही जरूरी नहीं है। अपनी क्षमता के अनुसार औषधि, बर्तन, कृषि उपकरण या उपयोगी वस्तुएं खरीदकर भी इस पर्व को शुभ बनाया जा सकता है।



धनतेरस पर बदला सोना खरीदने का अंदाज, महिलाएं अब गहनों से ज्यादा निवेश को दे रही हैं प्राथमिकता

कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि यानी धनतेरस पर सोना खरीदने की परंपरा सदियों पुरानी है। पहले सोना मुख्य रूप से आभूषणों और पारिवारिक संपत्ति के रूप में खरीदा जाता था, लेकिन अब महिलाओं की सोच में बड़ा बदलाव आया है। आधुनिक और कामकाजी महिलाएं सोने को सिर्फ गहने के रूप में नहीं, बल्कि एक मजबूत वित्तीय संपत्ति के तौर पर देख रही हैं। यही कारण है कि भारी-भरकम आभूषणों की जगह डिजिटल गोल्ड, गोल्ड बॉन्ड और अन्य निवेश विकल्पों की मांग बढ़ रही है।



गहनों में लागत अधिक, निवेश लाभ सीमित : पारंपरिक सोने के गहनों में मेकिंग चार्ज और अन्य खर्च निवेश की वास्तविक वैल्यू को प्रभावित करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, आभूषण खरीदते समय सोने की कीमत के अलावा 10 से 20 प्रतिशत तक मेकिंग चार्ज और तीन प्रतिशत जीएसटी देना पड़ सकता है। वहीं, जरूरत के समय बेचने पर मेकिंग चार्ज वापस नहीं मिलता और शुद्धता जांच के नाम पर भी कटौती हो सकती है। इसके अलावा घर में महंगे गहने रखने पर सुरक्षा की चिंता रहती है, जबकि बैंक लॉकर का वार्षिक खर्च भी अतिरिक्त बोझ बन जाता है। इसी वजह से महिलाएं अब सोने को सुरक्षित और बेहतर रिटर्न वाले विकल्पों में लगाना पसंद कर रही हैं।

डिजिटल विकल्पों की बढ़ी लोकप्रियता

- **सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड:** सरकारी गारंटी वाले गोल्ड बॉन्ड में चोरी और भंडारण की समस्या नहीं होती। इसमें सोने की कीमत बढ़ने के साथ निश्चित ब्याज का लाभ भी मिलता है।
- **डिजिटल गोल्ड:** मोबाइल ऐप के माध्यम से कम राशि से भी 24 कैरेट सोने में निवेश किया जा सकता है। इसे सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है और जरूरत पड़ने पर बेचा जा सकता है।
- **गोल्ड म्यूचुअल फंड और ईटीएफ:** शेयर बाजार से जुड़े ये विकल्प पारदर्शी और आसान निवेश माध्यम माने जाते हैं।
- **सोने के सिक्के और बार:** जो लोग भौतिक सोना रखना चाहते हैं, वे अब डिजाइन वाले गहनों की बजाय शुद्ध सोने के सिक्के और बिस्किट खरीदना पसंद कर रहे हैं।

वित्तीय सुरक्षा का माध्यम मान रहीं महिलाएं

बदलती आर्थिक सोच के साथ महिलाओं का सोने में निवेश करने का नजरिया बदल रहा है। अब वे केवल आभूषण खरीदने के बजाय अपने निवेश को संतुलित करने पर ध्यान दे रही हैं। महिलाएं पूरे बजट को सोने में लगाने की बजाय अलग-अलग विकल्पों में निवेश कर रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, कुल निवेश पोर्टफोलियो का करीब 5 से 10 प्रतिशत हिस्सा सोने में रखना महंगाई और बाजार की अनिश्चितता के खिलाफ सुरक्षा प्रदान कर सकता है। धनतेरस पर सोना खरीदने की परंपरा अब केवल भावनाओं और धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह समझदारी भरे निवेश और भविष्य की वित्तीय सुरक्षा का माध्यम भी बनती जा रही है।

धनतेरस पर सोना-चांदी ही नहीं, इन चीजों की खरीदारी भी मानी जाती है शुभ

देशभर में 6 नवंबर को धनतेरस का त्योहार मनाया जाएगा. इस दिन बाजारों में खरीदारी की खास रौनक रहती है। आमतौर पर लोग धनतेरस पर सोने-चांदी के आभूषण और बर्तन खरीदना पसंद करते हैं। हालांकि, सोने और चांदी की कीमतें काफी बढ़ने के कारण हर किसी के लिए इन्हें खरीदना आसान नहीं है। ऐसे में अगर आप भी इस बार धनतेरस पर खरीदारी की योजना बना रहे हैं, तो जरूरी नहीं कि सोना-चांदी ही खरीदें। कुछ ऐसी चीजें भी हैं, जिन्हें कम कीमत में घर लाया जा सकता है और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हें भी शुभ माना जाता है।

आचार्य दीप कुमार ने बताया कि धनतेरस का त्योहार धन के देवता कुबेर को समर्पित है। इस दिन सोने-चांदी के आभूषणों के साथ कई अन्य वस्तुओं की खरीदारी भी की जाती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में सोने और चांदी के भाव काफी अधिक हैं। ऐसे में जो लोग इन्हें नहीं खरीद सकते, वे दूसरी शुभ मानी जाने वाली वस्तुएं भी घर ला सकते हैं।

तांबे, पीतल और स्टील के बर्तन खरीदना भी शुभ

धनतेरस पर सोने और चांदी के अलावा तांबे, पीतल और स्टील के बर्तन खरीदे जा सकते हैं। धार्मिक मान्यताओं में इन धातुओं के बर्तनों को शुद्धता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसके अलावा घर में सुख-समृद्धि और बुद्धि की कामना के लिए लोग मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्तियां भी खरीद सकते हैं। ये मूर्तियां बाजार में कम कीमत पर भी उपलब्ध होती हैं।

50 से 100 रुपये में खरीद सकते हैं ये चीजें

धनतेरस पर कुछ ऐसी वस्तुओं की खरीदारी भी की जा सकती है, जो बाजार में 50 से 100 रुपये तक में आसानी से मिल जाती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इनका भी विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि



जो लोग इस दिन सोना-चांदी नहीं खरीद सकते, उन्हें साबुत धनिया जरूर खरीदना चाहिए। मान्यता है कि साबुत धनिया खरीदने से माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की कृपा बनी रहती है। इसे दिवाली की रात मां लक्ष्मी को अर्पित करने की परंपरा भी है।

धनतेरस पर नया झाड़ू खरीदने की भी है परंपरा

धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदना भी शुभ माना जाता है। आचार्य के मुताबिक झाड़ू को सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। झाड़ू को मां लक्ष्मी का प्रतीक भी माना जाता है। इसी वजह से इस दिन पुराने झाड़ू को हटाकर नया झाड़ू खरीदने की परंपरा है।

सेंधा नमक खरीदने से जुड़ी है यह मान्यता

आचार्य दीप कुमार ने बताया कि धनतेरस पर सेंधा नमक खरीदना भी शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे घर में सुख-समृद्धि आती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है। इसके लिए धनतेरस के दिन पिसा हुआ सेंधा नमक लाल कपड़े में बांधकर घर के मुख्य द्वार पर पूर्व दिशा की ओर लगाने की सलाह दी जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, ऐसा करने से घर में नकारात्मक शक्तियों का प्रवेश नहीं होता।

वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान भी खरीद सकते हैं

धनतेरस पर वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदना भी शुभ माना जाता है। हालांकि, उन्होंने कुछ वस्तुओं की खरीदारी से बचने की सलाह दी है। उनके मुताबिक इस दिन काले रंग की वस्तुएं खरीदना अशुभ माना जाता है। इसके अलावा लोहे और एल्यूमीनियम की चीजें खरीदने से भी बचना चाहिए। कांच, शीशे और प्लास्टिक से बनी वस्तुओं की खरीदारी को भी इस दिन शुभ नहीं माना जाता।

खरीदारी करते समय इन बातों का रखें ध्यान

धनतेरस पर खरीदारी करते समय लोग अपनी जरूरत और बजट का ध्यान रख सकते हैं। सोना-चांदी खरीदना संभव न हो तो दूसरी वस्तुओं के विकल्प भी मौजूद हैं। हालांकि, अलग-अलग वस्तुओं से जुड़ी शुभ-अशुभ मान्यताएं धार्मिक परंपराओं पर आधारित हैं. ऐसे में खरीदारी का फैसला अपनी सुविधा और मान्यता के अनुसार किया जा सकता है।

घर के बने पकवान और मिट्टी के दीयों की खुशबू

बाजारों में दीपावली की रौनक है। रंग-बिरंगी रोशनी, सजावट और खरीदारी का उत्साह हर ओर दिखाई दे रहा है। लेकिन इस चमक-दमक के बीच कई लोगों को 90 के दशक की वह दिवाली याद आती है, जिसमें दिखावे से ज्यादा अपनापन, सादगी और रिश्तों की गर्माहट हुआ करती थी। तब दीपावली केवल एक दिन का पर्व नहीं, बल्कि पूरे महीने चलने वाला उत्सव और भावनाओं से जुड़ा अवसर हुआ करती थी।

सफेदी से शुरू होती थी त्योहार की तैयारी

90 के दशक में दीपावली की शुरूआत घर की सफेदी और पुताई से होती थी। चूने और डिस्टेंपर की खुशबू आज भी उस दौर के लोगों की यादों में ताजा है। घर के कोने-कोने की सफाई, पंखों की गंदगी हटाना, जाले साफ करना और पुराने बक्सों से सर्दियों की रजाइयां निकालना पूरे परिवार का साझा काम होता था। नई बेडशीट भी खास दीपावली के दिन ही बिछाई जाती थी, जिसे संभालकर रखा जाता था।

ग्रीटिंग कार्ड और इंतजार का दौर

आज जहां शुभकामनाएं मोबाइल संदेशों से भेजी जाती हैं, वहीं उस समय दीपावली की बधाई का अपना अलग ही आनंद था। मोहल्ले की दुकानों से 2, 5 और 10 रुपये के ग्रीटिंग कार्ड खरीदे जाते थे। उनमें अपने हाथों से संदेश लिखकर रिश्तेदारों और दोस्तों को भेजा जाता था। फिर डाकिए के आने का इंतजार रहता था कि कब जवाबी कार्ड आएगा।

पटाखों की खरीदारी भी थी यादगार

उस दौर में ऑनलाइन खरीदारी का चलन नहीं था। पिता के साथ साइकिल या स्कूटर पर बैठकर थोक बाजार से पटाखे लाना बच्चों के लिए किसी रोमांच से कम नहीं था। पटाखों को तेज आवाज के लिए पहले ही धूप में सुखाया जाता था। टिकली वाली बंदूक, सांप की गोली और मुर्गा छाप बम बच्चों के सबसे पसंदीदा खिलौने हुआ करते थे।

दीपावली से कई दिन पहले घरों में बेसन के लड्डू, शक्करपारे, गुझिया और नमकीन बनने लगते थे। पकवानों की प्लेट रुमाल से ढककर पड़ोसियों के घर भेजी जाती थी और बदले में उनके घरों से मिठाइयां आती थीं। सजावट के लिए मिट्टी के दीये खरीदे जाते थे। उन्हें पानी में भिगोकर रखने की परंपरा थी ताकि वे ज्यादा देर तक जलें। सरसों के तेल के दीये और आंगन में बना मिट्टी का घरौंदा ही उस समय दीपोत्सव की पहचान थे। आज घर एलईडी लाइट्स से जगमगाते हैं और बाजार आधुनिक हो गए हैं, लेकिन 90 के दशक की दीपावली की सादगी, रिश्तों की मिठास और अपनापन आज भी लोगों के दिलों में बसा है। वह दौर भले लौटकर नहीं आ सकता, लेकिन उसकी यादें हर दीपावली पर पुराने दिनों की गर्माहट जरूर महसूस करा देती हैं।

दीपावली : बाहरी रोशनी से आगे अंतर्मन के उजाले का पर्व

दीपों का यह महापर्व केवल घरों को नहीं, विचारों और भावनाओं को भी प्रकाशित करने का संदेश देता है

दीपावली का नाम सुनते ही मन में झिलमिलाते दीपों, रंग-बिरंगी रंगोलियों, मिठाइयों की मिठास और उत्साह से भरे वातावरण की सुंदर तस्वीर उभर आती है। बाजारों की रौनक बढ़ जाती है, घरों की साफ-सफाई और सजावट शुरू हो जाती है तथा हर चेहरे पर नई उमंग दिखाई देती है। सदियों से मनाया जा रहा यह पर्व भारतीय संस्कृति में आस्था, उल्लास और परंपरा का प्रतीक है। लेकिन दीपावली के बाहरी स्वरूप से आगे बढ़कर यदि इसके वास्तविक दर्शन को समझने का प्रयास करें तो पता चलता है कि यह केवल घरों को रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि अपने अंतर्मन को प्रकाशित करने का अवसर भी है। दीपावली हमें सिखाती है कि जीवन में वास्तविक प्रकाश बाहर नहीं, बल्कि भीतर उत्पन्न होना चाहिए।



दीपोत्सव का अर्थ : भीतर के अंधकार को मिटाना

आधुनिक समय में दीपावली का स्वरूप काफी बदल गया है। आज यह पर्व कई बार खरीदारी, सजावट, उपहारों और सोशल मीडिया की चमक-दमक तक सीमित होता दिखाई देता है। बिजली की रंगीन लड़ियां और भव्य सजावट घरों को आकर्षक बना देती हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इससे मन के भीतर छिपा अंधकार भी दूर होता है? दीपावली का संदेश इससे कहीं अधिक गहरा है। जिस प्रकार एक छोटा-सा दीपक स्वयं जलकर चारों ओर प्रकाश फैलाता है, उसी प्रकार मनुष्य को भी अपने भीतर के अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध और अज्ञानता को समाप्त कर प्रेम, करुणा और ज्ञान का प्रकाश फैलाना चाहिए। जब तक मन में सकारात्मकता का दीप नहीं जलेगा, तब तक बाहरी रोशनी अधूरी ही रहेगी।

घर की सफाई के साथ मन की सफाई भी जरूरी

दीपावली से पहले घरों की सफाई, रंग-रोगन और अनावश्यक वस्तुओं को हटाने की परंपरा रही है। यह केवल स्वच्छता का कार्य नहीं, बल्कि एक गहरा आध्यात्मिक संदेश भी देती है। जिस प्रकार हम अपने घर के कोनों से धूल और जाले हटाते हैं, उसी प्रकार हमें अपने मन में जमा नकारात्मक विचारों, पुरानी कटुता, शिकायतों और दुखों को भी दूर करना चाहिए। मन की स्वच्छता से ही वास्तविक शांति और आनंद की अनुभूति होती है। दीपावली आत्ममंथन का अवसर है कि हम अपने जीवन में क्या सुधार ला सकते हैं और किन बंधनों से मुक्त हो सकते हैं।

इस दीपावली अंतर्मन का दीप जलाएं

दीपावली केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। यह हमें सिखाती है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, आशा और विश्वास का एक छोटा-सा दीप भी अंधकार को समाप्त करने की शक्ति रखता है। इस दीपावली केवल घरों में दीप न जलाएं, बल्कि अपने हृदय में क्षमा, प्रेम, संतोष, सेवा और ज्ञान का ऐसा प्रकाश प्रज्वलित करें, जो वर्षभर हमारे व्यवहार व विचारों को प्रकाशित करता रहे। अपने भीतर के अंधकार को दूर करना ही इस पर्व का सबसे बड़ा संदेश है। जब मनुष्य का अंतर्मन प्रेम, करुणा और सद्भावना से जगमगा उठता है, तो उसका जीवन स्वयं प्रकाश का केंद्र बन जाता है। यही दीपावली का वास्तविक अर्थ है-बाहर के दीपों से अधिक अपने भीतर के दीप को प्रज्वलित करना।

सामाजिक समरसता का प्रकाश फैलाएं

दीपक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह बिना किसी भेदभाव के सभी को प्रकाश देता है। उसकी रोशनी अमीर के महल में भी उतनी ही होती है, जितनी गरीब की झोपड़ी में। दीपावली हमें समाज के उन लोगों को याद करने का संदेश देती है, जिनके जीवन में अभावों का अंधेरा है। किसी जरूरतमंद की सहायता करना, किसी दुखी चेहरे पर मुस्कान लाना और किसी अकेले व्यक्ति के जीवन में अपनापन भरना ही इस पर्व की सच्ची भावना है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति खुशियों के इस उत्सव में शामिल होगा, तभी दीपावली का प्रकाश वास्तव में सार्थक होगा। यह पर्व हमें दूरियां मिटाने, रिश्तों को मजबूत करने और प्रेम का विस्तार करने की प्रेरणा देता है।



महेन्द्र तिवारी, नई दिल्ली

अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ने का संदेश

हमारे उपनिषदों में कहा गया है-'तमसो मा ज्योतिर्गमय', अर्थात हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। दीपावली इसी शाश्वत संदेश का उत्सव रूप है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास के बाद और रावण पर विजय प्राप्त कर जब अयोध्या लौटे, तब नगरवासियों ने घी के दीप जलाकर उनका स्वागत किया। यह केवल एक ऐतिहासिक घटना का स्मरण नहीं था, बल्कि सत्य की असत्य पर, धर्म की अधर्म पर और प्रकाश की अंधकार पर विजय का प्रतीक था। रावण केवल एक बाहरी पात्र नहीं, बल्कि हमारे भीतर मौजूद नकारात्मक प्रवृत्तियों का प्रतीक भी है। क्रोध, लालच, अहंकार और स्वार्थ जैसे भाव हमारे विवेक को कमजोर करते हैं। दीपावली हमें प्रेरणा देती है कि हम अपने भीतर के इन विकारों का अंत कर रामत्व यानी सत्य, संयम, मर्यादा और प्रेम को अपनाएं।

मोदी संस्थान के वार्षिकोत्सव में 'बस्ता बोलेगा' नाटक का प्रभावशाली मंचन





लक्ष्मणगढ़ (सीकर)। मोदी संस्थान में आयोजित वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन छात्राओं की सृजनात्मक प्रतिभा, पूर्व छात्राओं के आत्मीय जुड़ाव और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का मनमोहक संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान छात्रा यादवी अग्रवाल के अभिभावकों द्वारा प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ। प्रदर्शनी में छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल और परियोजनाओं के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं नवाचार का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समापन पर प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक 'बस्ता बोलेगा' ने प्रभावी संदेश देकर दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। दूसरे सत्र में आयोजित एलुमनाई मीट में पूर्व छात्राओं ने विद्यालय की यादें साझा करते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने अनुभवों को भावुक अंदाज में याद किया। प्राचार्या अरुंधती शुक्ला ने इसे विद्यालय और पूर्व छात्राओं के अटूट रिश्ते का प्रतीक बताया। सायंकालीन सत्र में भगवान विष्णु के दशावतारों पर आधारित नृत्य-नाटिका 'अनन्तरूपम्-दिव्य के अनंत स्वरूप' मुख्य आकर्षण रही। नृत्य, संगीत और अभिनय के माध्यम से छात्राओं ने भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और धर्म की स्थापना के संदेश को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। मुख्य अतिथि प्रशासनिक अधिकारी रोली सिंह ने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या अरुंधती शुक्ला ने आयोजन को छात्राओं की प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच बताते हुए सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों की सराहना की। अंत में सांस्कृतिक सचिव दर्शिका शर्मा ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

क्यूएस एशिया रैंकिंग में वीजीयू की 90 पायदान की ऐतिहासिक छलांग

जयपुर। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू), जयपुर ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्सः एशिया में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 पायदान की ऐतिहासिक छलांग लगाई है। पिछले मूल्यांकन में 666वें स्थान पर रहा विश्वविद्यालय इस वर्ष 576वीं रैंक पर पहुंच गया है। इसके साथ ही वीजीयू ने दक्षिण एशिया में 151वां और भारत में 76वां स्थान हासिल कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. ललित के. पंवार (सेवानिवृत्त आईएएस) ने इसे पूरे वीजीयू परिवार के सामूहिक प्रयास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम बताया। संस्थापक एवं वाइस चेयरपर्सन डॉ. के.आर. बागड़िया ने कहा कि अनुसंधान, आधुनिक शिक्षण प्रणाली और उत्कृष्ट संकाय में निरंतर निवेश का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजी. ओंकार बागड़िया ने बताया कि उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप इनक्यूबेशन और वैश्विक इंटर्नशिप जैसे प्रयासों ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाई दी है। कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.वी.एस. भगवानुलु ने कहा कि अकादमिक प्रतिष्ठा, शोध प्रकाशन, अंतरराष्ट्रीय शोध नेटवर्क और साइटेशन जैसे मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह उपलब्धि संभव हुई। रैंकिंग घोषित होने के बाद विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

साजिश रचने के मामले में सेना के जवान सहित तीन गिरफ्तार

जयपुर। कालवाड़ थाना पुलिस ने थार गाड़ी से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने और अपहरण की वारदात का खुलासा करते हुए सेना के जवान सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बदला लेने के लिए साजिश रचकर वारदात को अंजाम दिया गया था। जयपुर पश्चिम डीसीपी प्रशांत किरण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में राजेश चौधरी, राजूलाल मीणा और भगीरथ गुर्जर शामिल हैं। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त थार और स्विफ्ट कार जब्त की है। पुलिस के अनुसार 2 नवंबर को मनीष यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भाई गोविंद यादव की कार को थार से टक्कर मारकर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया।

निर्माणाधीन भवन गिरा, दो मरे

नई दिल्ली। दिल्ली के ऐतिहासिक चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के सामने गुरुवार सुबह निमार्णाधीन तीन मंजिला इमारत अचानक ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। मलबे में कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका पर दिल्ली फायर सर्विस की छह टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटीं।

दिल्ली रैली में नहीं पहुंचने पर युवा कांग्रेस के 43 पदाधिकारी निलम्बित किए

जयपुर। दिल्ली में 1 नवंबर को आयोजित इंडिया गठबंधन की महारैली में शामिल नहीं होने पर भारतीय युवा कांग्रेस ने राजस्थान के 43 पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इनमें 12 जिलाध्यक्ष और 31 प्रदेश पदाधिकारी शामिल हैं। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी विकास चिकारा ने निलंबन आदेश जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश के बावजूद संबंधित पदाधिकारी रैली में शामिल नहीं हुए और उन्होंने कोई संतोषजनक कारण भी नहीं बताया। निलंबित जिलाध्यक्षों में चिराग पालीवाल (राजसमंद), विकास मंजू (जालोर), राजेश गोदारा (बीकानेर), रामेश्वर बैरवा (बारां), पृथ्वीराज मालवीय (बांसवाड़ा), अरविंद यादव (डूंगरपुर), रामदयाल बेनीवाल (बीकानेर शहर), मोहम्मद शकील (प्रतापगढ़), सुरेश माली (बालोतरा), हसन खान (डीग), आसिफ खान (चूरू) और प्रवीण सिखवाल (ब्यावर) शामिल हैं। प्रदेश पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष प्रकाश चंद मीणा, सद्दाम हुसैन, फैजान हसन कुरेशी, जफर हुसैन मीर, सलमा पिनारा, रामफूल धाकड़, गणेश देवासी, ठाकुर बिश्नोई, मंजुला देसाई, अर्जुन सिंह, दीपक मेघवाल सहित कई प्रदेश महामंत्री और सचिव शामिल हैं। विकास चिकारा ने कहा कि संगठन में चुने जाने के बावजूद अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करने वालों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

बींझबायला; जनसम्पर्क किया गया



बींझबायला। ग्राम पंचायत 34 एलएनपी के पंचायत समिति पदमपुर सदस्य पद के लिए जोन 16 डारेक्टर पद के प्रत्याशी मनोज कुमार शर्मा पुत्र छगन लाल शर्मा गांव 39 एल एन पी कॉलोनी में ग्रामीणों ने स्वागत कर लड्डुओं से तोला। भाजपा के उम्मीदवार मनोज शर्मा के चुनाव प्रचार ने तेज गति पकड़ ली है। अपने जोन 16 के सभी चको व ढाणियों में जनसंपर्क किया।

भाजपा की रैली में पहुंचे अनेक लोग, जिला कार्यालय में स्वागत

श्रीगंगानगर। पंचायत समिति श्रीगंगानगर दक्षिण के चुनाव के मद्देनजर भाजपा की ओर से जोन नंबर 11, 12 एवं 13 में रैली निकाली गई। रैली की शुरूआत 11 एलएनपी से हुई, जो 9, 10 एवं 12 एलएनपी, सिहागांवाली, अक्कांवाली और भादांवाली होते हुए श्रीगंगानगर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंची। रैली में अनेक वाहनों का काफिला शामिल रहा। इसके बाद कार्यकर्ता आगे बढ़े और चुनाव संबंधी फॉर्म भरने की प्रक्रिया में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व पंचायत समिति प्रधान बृजमोहन यादव, भाजपा संयोजक शिवप्रकाश रिणवां, मंगलदीप माहौर तथा जिला परिषद जोन नंबर 34 से चुनाव लड़ रहे विजय तरड ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती और चुनाव में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। रैली में अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे। आयोजकों ने रैली को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का आभार व्यक्त किया। रैली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।



● **जगदलपुर।** बस्तर जिले में पुलिस ने गुरुवार को 476.500 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत दो करोड़ 38 लाख 25 हजार रुपये बताई गई है।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांकः LU2012/SGN/2026-27/101584/9069 दिनांकः28/10/2026

लोक सूचना

श्री रोहित अग्रवाल पुत्र श्री राधेश्याम अग्रवाल निवासी ग्र. 3 एफ.एन.बी. 11 अनुकम्पा ग्रुप स्वज फर्म सांगानेर रोड़ के पास, श्याम नगर जयपुर एवं श्री राघव अग्रवाल पुत्र श्री धर्मवीर अग्रवाल एवं अर्पित अग्रवाल पुत्र श्री धर्मवीर अग्रवाल एवं श्रीमती सुरूचि अग्रवाल पत्नी श्री धर्मवीर अग्रवाल जरिये मुख्त्यारे आम श्री राघव अग्रवाल पुत्र श्री धर्मवीर अग्रवाल निवासी एस.एक्स.-15, 16 रिद्धि सिद्धि प्रथम, हनुमानगढ़ रोड़ श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकधारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं. /भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)
1	चक 3 ए छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री रोहित अग्रवाल पुत्र श्री राधेश्याम अग्रवाल एवं श्री राघव अग्रवाल पुत्र श्री धर्मवीर अग्रवाल एवं अर्पित अग्रवाल पुत्र श्री धर्मवीर अग्रवाल एवं श्रीमती सुरूचि अग्रवाल पत्नी श्री धर्मवीर अग्रवाल जरिये मुख्त्यारे आम श्री राघव अग्रवाल पुत्र श्री धर्मवीर अग्रवाल	चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 09 के किला नं. 21 में 0.0380 हैक्टे. कुल 0.0380 हैक्टेयर एवं मुरब्बा नं. 18 के किला नं. 1 में 0.215 हैक्टे. किला नं. 2/1 में 0.0170 हैक्टे. किला नं. 9/1 में 0.2020 हैक्टे. किला नं. 10 में 0.2530 हैक्टे. किला नं. 11 में 0.2530 हैक्टे. किला नं. 12 में 0.2530 हैक्टे में से 0.0383 हैक्टे. कुल 0.9783 हैक्टेयर यथाकुल 1.0163 हैक्टेयर	कुल 1.0163 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकोन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 28.10.2026 को जारी की गयी। **-प्राधिकृत अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

क्रमांक : राजकाज रेफ नं. 25362028 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.11.2026

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री कपिल पुत्र श्री बलवान सिंह ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर आवासीय मकान चाका गली नम्बर 09, वार्ड नम्बर 42, इन्दा कॉलोनी, श्रीगंगानगर साईज 45 फीट गुणा 12.6 फीट के अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया है। 211116 यह कि प्रसंगगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार अहाता चाके गली नम्बर 09, इन्दा कॉलोनी, वार्ड नम्बर 42 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर साईज 45 गुणा 12½ फीट (57.5 वर्गगज) का पट्टा नम्बर 702 स्टेट ग्राण्ट एक्ट के तहत प्रशासन शहरी के संग अभिधान, नियमन शिविर 2012 में श्री पवन कुमार पुत्र श्री खमालीराम के नाम से जारीशुदा है। जो पंजीकृत है। श्री पवन कुमार पुत्र श्री खमालीराम ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 07.10.2019 द्वारा अहाता चाके गली नम्बर 09, इन्दा कॉलोनी, वार्ड नम्बर 42 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर साईज 45 गुणा 12 फीट 6 इंच श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी श्री रामस्वरूप को विक्रय कर दिया। श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी श्री रामस्वरूप ने जरिये पंजीकृत विक्रय संलेख पत्र दिनांक 10.08.2022 द्वारा आवासीय मकान चाका गली नम्बर 09, वार्ड नम्बर 42, इन्दा कॉलोनी, श्रीगंगानगर साईज 45 फीट गुणा 12.6 फीट श्रीमती गौरी पत्नी श्री हनुमान को विक्रय कर दिया। जरिये पंजीकृत विक्रय संलेख पत्र दिनांक 01.07.2024 द्वारा आवासीय मकान चाका गली नम्बर 09, वार्ड नम्बर 42, इन्दा कॉलोनी, श्रीगंगानगर साईज 45 फीट गुणा 12.6 फीट श्रीमती गौरी पत्नी श्री हनुमान सिनेमा ने श्री कपिल पुत्र श्री बलवान सिंह को विक्रय कर दिया। उपरोक्तानुसार नामांतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा।

- आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियोजन/2026/1398 विज्ञप्ति दिनांक- 04.11.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 6 जेड ए मुरब्बा नं. 27 के किला नं. 7 में भूखण्ड संख्या K-24 क्षेत्रफल 29'-0'' गुणा 65'-0'' फीट (अम्बिका एन्कलेव सैकिण्ड) का आवासीय पट्टा संख्या 14789 दिनांक 11.05.2022 द्वारा श्री अजीत कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार एवं श्री नरेश कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार के नाम से न्यास द्वारा जारी है। पट्टाधारकों श्री अजीत कुमार एवं श्री नरेश कुमार द्वारा उक्त मूल भूखण्ड पश्चिम दिशा में 35 फीट चौड़ी सड़क पर खुलता हुआ जरिये रजिस्ट्री श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री खानूराम को विक्रय किया गया है। भूखण्डधारक श्रीमती शान्ति देवी द्वारा उक्त भूखण्ड में भूखण्ड माप 14'-6'' गुणा 65'-0'' फीट (दक्षिणी हिस्सा) रजिस्ट्री सुश्री रानी पाल पुत्री श्री महेन्द्र सिंह को विक्रय किया गया है। आवेदक/भूखण्डधारक सुश्री रानी पाल पुत्री श्री महेन्द्र सिंह द्वारा अपने क्रयशुद्धा भूखण्ड 14'-6'' गुणा 65'-0'' फीट (दक्षिणी हिस्सा) का ऑनलाईन प्रकरण संख्या **SGNR/FY26-27/SRA/60** दिनांक 10.10.2026 द्वारा उपविभाजन बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अतः उक्त वर्णितानुसार उपविभाजन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 07 दिवस पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - प्रभारी अधिकारी सहायक नगर नियोजक, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय तहसीलदार (भू-अ.) रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक/भू-अ./वसीयत/4076 दिनांकः-02.11.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनफूल पुत्र श्री हरदास जाति बिश्नोई निवासी श्यामगढ़ तहसील रायसिंहनगर ने अपनी भूमि चक 63 एनपी के मु.नं. पुराना 34 नया 35 कुल रकबा 24-10 बीघा भूमि व चक श्यामगढ़ बासनी पु.नं. 223/347 रकबा 25 बीघा की बन्द वसीयत श्री मदनलाल, बनवारीलाल, कृष्णलाल पि. मनफूल जाति बिश्नोई निवासी 65 एनपी तहसील रायसिंहनगर के पक्ष में दिनांक 15.02.2010 को करवाई है उक्त बन्द वसीयत जिला पंजीयक श्रीगंगानगर द्वारा पंजीबद्ध है। वसीयतकर्ता की मृत्यु, मृताबिक मृत्यु प्रमाण-पत्र दिनांक 02.01.2010 को चुकी है। प्रकरण संख्या/2026 दर्ज रजिस्टर किया है। उक्त वसीयत के अनुसार रिकॉर्ड में अमल दरामद कराने का प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विचाराधीन है। इस वसीयत के अमल-दरामद के विषय में जिस किसी को भी एतराज हो तो सुचना के प्रकाशित होने की दिनांक से 15 दिनों के भीतर कार्यालय समय पर स्वयं या मार्फत वकील उपस्थित आकर अपनी आपत्ति पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उज्र मान्य नहीं होगा व निर्वमानुसार एक तरफा कार्यवाही कर प्रकरण के निस्तारण किया जा सकेगा। नोटिस आज दिनांक मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी किया गया। **- तहसीलदार (भू.अ.) रायसिंहनगर**

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

क्रमांक: राजकाज रेफ नम्बर 25361813 दिनांक: 05.11.2026

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री राजपाल पुत्र श्री जयमल राम व श्री प्रशान्त खैरवा पुत्र श्री राजपाल ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 03 बी 50 जवाहरनगर श्रीगंगानगर साईज 10.5 गुणा 21 मीटर, दक्षिण दिशा में खुलता हुआ अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामांतरण करवाने हेतु निवेदन किया है। 214484 यह कि प्रशनगत मकान प्रस्तुत दस्तावेजों अनुसार श्री नरेश कुमार पुत्र श्री महावीर प्रसाद डायरेक्टर एन एम एग्रो फूड प्रोडक्ट प्रा. लि. के नाम से भूखण्ड संख्या 03 बी 50 जवाहरनगर श्रीगंगानगर का नामांतरण कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर द्वारा जारीशुदा है। परिषद द्वारा क्रमांक 9308 दिनांक 16.03.2016 को श्री नरेश कुमार पुत्र श्री महावीर प्रसाद डायरेक्टर एन एम एग्रो फूड प्रोडक्ट प्रा. लि. अनापत्ति प्रमाण पत्र जारीशुदा है। एन एम एग्रो फूड प्रो. प्रा. लि. संलग्न दस्तावेज श्री हर्षित गुप्ता को डायरेक्टर कम्पनी पावर है। मैसर्स एन एम एग्रो फूड प्रोडक्ट प्रा. लि. श्रीगंगानगर जरिये डायरेक्टर हर्षित गुप्ता पुत्र श्री नरेश गुप्ता ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 24.09.2026 द्वारा भूखण्ड संख्या 03 बी 50 जवाहरनगर श्रीगंगानगर साईज 10.5 गुणा 21 मीटर, दक्षिण दिशा में खुलता हुआ श्री राजपाल पुत्र श्री जयमल राम व श्री प्रशान्त खैरवा पुत्र श्री राजपाल को विक्रय कर दिया। उपरोक्तानुसार नामांतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। **आयुक्तनगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर पालिका घड़साना जिला-श्रीगंगानगर(राज.)

क्रमांकः- न.पा.घ/ई-निविदा/विद्युत/2026-27/1697 दिनांकः-26.10.2026

-: ई-निविदा सूचना 07/2026-27 :-

नगर पालिका घड़साना, बीकानेर द्वारा विद्युत सम्बन्धित कार्य (अनुमानित लागत राशि 19.63 लाख रुपये) हेतु सक्षम/पात्र सम्भरणकर्त्ता जो उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत हो एवं कार्य करने/सामग्री सम्भरण करने के लिए अनुभवी हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-निविदा प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्तें इत्यादि का सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

1. UBN Code :-DLB2627WSOB23233

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका घड़साना

राज.संवाद/सी/26/12997

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः-नियमन/2026/9088 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.11.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मोनिका मदान पत्नी श्री योगेश मदान निवासी 35 लक्ष्मी नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के संबंध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है:-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 04 किला नं. 11 भूखण्ड संख्या जेसी-245 माप 17'9'' इन्दू 30'0'' फीट जाखड कॉलोनी श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 3685 दिनांक 18.03.2013 को श्री करनैल सिंह पुत्र श्री आत्मा सिंह के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती मोनिका मदान द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 07.10.2014 के द्वारा क्रय कर पट्टे एवं बैयनामों की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती मोनिका मदान पत्नी श्री योगेश मदान निवासी 35 लक्ष्मी नगर, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या : - SGNR/FY26-27/MUT/909 प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः नियमन/2026/9088 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.11.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **गीता पुत्री श्री यादराम निवासी म.न. 25, वार्ड नं० 8, दुर्गा आईस फैक्ट्री, रायसिंहनगर, जिला श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखंडधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं० 63 किला नं० 6 भूखण्ड संख्या डी-09 माप 25'0" इन्दू 60'0" फीट श्रीराम इन्का-1, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 26882 दिनांक 04.10.2024 को श्री संजय आवाल पुत्र श्री साधुराम आवाल के नाम से जारी किया हुआ है।	**गीता द्वारा** उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 0107.2026 के द्वारा प्राप्त कर पट्टे व उपहार पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **गीता पुत्री श्री यादराम निवासी म.न. 25, वार्ड नं० 8, दुर्गा आईस फैक्ट्री, रायसिंहनगर, जिला श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या - **SGNR/FY26-27/MUT/951** **प्रभारी अधिकारी, नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः-नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :

श्री हरीश कुमार पुत्र श्री किशन लाल निवासी वार्ड नं. 8, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 12.02.2013 के द्वारा क्रय कर व्यवसायिक प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित तहसील का नाम	पटे का विवरण	भूमि का विवरण	आवेदित भूमि का क्षेत्रफल
श्रीगंगानगर	भूमि रूपान्तरण, श्रीगंगानगर द्वारा पट्टा संख्या 1261 दिनांक 09.02.1998 एवं 1256 दिनांक 06.01.1998 को श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी श्री ईशर दास के नाम से जारी किया हुआ है।	चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 34 किला नं. 2,3 में क्रमशः माप 527 वर्गगज एवं 918 वर्गगज श्रीगंगानगर	भूखण्ड संख्या बी-39 माप 12 इन्दू 35 फीट

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज जारी की गयी। **प्रभारी अधिकारी, नियमन शाखा नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः-नियमन/2026/9086 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.11.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मोनिका मदान पत्नी श्री योगेश मदान निवासी 35 लक्ष्मी नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के संबंध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है:-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेजों का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 04 किला नं. 11 भूखण्ड संख्या जेसी-245 माप 17'9'' इन्दू 30'0'' फीट जाखड कॉलोनी श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 3685 दिनांक 18.03.2013 को श्री करनैल स

वर्ग पहली क्रमांक 7971



ó *बायें से दायें:-* 1) नमस्कार, 14) प्रतीक्षा; मार्ग, स्वदेशवासी, 5) दुगुना, 7) 16) घृणा, 17) कुख्यात, इच्छा, 8) तुरंत का; तप्त, 19) जीभ, 20) फ़रेबी, 23) 9) कंगाल, 10) लेकिन, तंगी; कमी, 25) तिब्बती 12) कड़ा; तीक्ष्ण, 15) धर्मगुरु, 27) स्त्रीलिंगीय पशु. अभागा, 18) केवल, 20) (उत्तर: अगले अंक में) प्राण, 21) विलंब, 22) *पिछली पहेली का उत्तर* असंभव, 24) पत्नी का भाई, 26) संपूर्ण, 28) दुनिया, 29) वैमनस्य.

ó *ऊपर से नीचे:-* 1) नित्य, 2) आनंद, 3) नगर के लोग, 4) *हिंदी* पायलट, 5) अंतर पर, 6) नपुंसक, 9) कलहप्रिय देव-मुनि, 11) धनापहरण, 13)

अ	फ़सो	स	■	क	म	त	री	न	
बि	■	फ	फो	ला	■	स्क	■	र	
क	ल	क	ल	■	का	फ़ि	र	■	से
■	■	प	ता	व	र	■	■	■	हा
आ	ह	ट	■	सु	■	प	रि	स	र
ब	र	■	■	म	ग	र	■	द	■
■	क	रा	मा	ती	■	कीं	र्ति	मा	न
स्थि	त	■	लू	■	आ	य	■	■	मू
ति	■	का	म	र्थ	घा	■	स	लो	ना

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, (वार्ता) 06 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं-

1903: अमेरिका ने पनामा की स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान की।
1913 : दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद नीतियों के खिलाफ महात्मा गांधी ने द ग्रेट मार्च का नेतृत्व किया।
1917 : रूसी क्रांति के दूसरे दौर की शुरूआत।
1937 : देश के प्रमुख नौकरशाह और राजनीतिज्ञ यशवंत सिन्हा का पटना में जन्म।
1956 : मित्र देशों की सेनाओं ने सुएज नहर पर कब्जा किया। ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं ने मिस्र के सैनिकों के खिलाफ सुएज नहर युद्ध में जीत दर्ज की।
1973: नासा के स्पेसक्राफ्ट पायोनियर-10 ने ज्यूपिटर के चित्र लेना शुरू किया।
1985 - हिंदी सिनेमा के सशक्त अभिनेता संजीव कुमार का निधन। खिलौना, आंधी, मौसम और अंगूर जैसी फिल्मों में उनके अभिनय की जमकर सराहना हुई।
1990 : नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पद संभाला। वह 18 अप्रैल 1993 तक इस पद पर रहे।
1999: ऑस्ट्रेलिया ने जनमत संग्रह में ब्रितानी राजतंत्र को नहीं ठुकराने का फैसला किया।
2000: ज्योति बसु ने लगातार 23 साल पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री रहने के बाद पद छोड़ा।
2013: सचिन तेंडुलकर और वैज्ञानिक प्रो सीएनआर राव को भारतरत्न देने की घोषणा की गई।
2014 : सचिन तेंदुलकर की आत्मकथा प्लेइंग इट माई वे का विमोचन।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 7 नवंबर (एनएनएस) शनिवार कार्तिक बदी त्रयोदशी को गेहूं, जौ, जई, ग्वार, ग्वार गम, देशी चना, काबुली चना, उड़द, तुवर, मूंग, मसूर, मोठ, मटर, राजमा चित्रा, लौंग, मगज तरबूज, हल्दी, जावित्री, इमली, कालीमिर्च, जीरा, रीठा, सोडा एश, चिरौंजी, पोस्तदाना, गुड़, पारा, सीसा, निकिल, कॉपर, कॉपर-पीतल में लाभ तथा बासमती चावल, बाजरा, मक्की, चीनी, सरसों सोया, डीओसी व तेल अजवायन, जायफल, जावित्री, किशमिश, तिल, धनिया, कलौंजी, अमचूर, दालचीनी, मखाना, कपास, मोम, मैंथा ऑयल, टिन, निकिल, टिटेनियम डाइऑक्साइड, अरंडी तेल में हानि हो सकती है। **भाग्यांक 1-3-4-8 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 7.13 बजे प्रातः के बाद यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

06 नवम्बर शुक्रवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक कृष्ण तिथि द्वादशी/त्रयोदशी, नक्षत्र-हस्त, योग-विष्कुम्भ, करण-तैतिल, दिशाशूल-पश्चिम, सूर्योदय 6.39 बजे, सूर्यास्त 5.40 बजे।

ग्रह स्थिति : सूर्य, बुध, शुक्र - तुला राशि में, मंगल, चन्द्र-सिंह, गुरु - सिंह राशि में, चंद्रमा-मिथुन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : आर्थिक मामलों में सतर्कता रखें और खर्च पर नियंत्रण बढ़ाएं। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारी से काम लें, उधार के लेनदेन से बचें।

वृषभ : मित्रों से मुलाकात होगी और खुशियों को अपनों के साथ बांटेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

मिथुन : परिवार में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और भवन-वाहन के योग बनेंगे। करियर में बदलाव संभव है, भावुकता में आकर निर्णय न लें।

कर्क : सामाजिक संपर्कों का लाभ मिलेगा और कारोबार में सफलता के योग हैं। आर्थिक लक्ष्य पूरे होंगे, कामकाजी यात्रा संभव है।

सिंह : घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी और मान-सम्मान बढ़ेगा। करियर व कारोबार में अच्छे अवसर मिलेंगे, संपत्ति संबंधी मामलों में लाभ होगा।

कन्या : रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा तथा निवेश में समझदारी से काम लेंगे।

तुला : आर्थिक मामलों में सावधानी रखें और बजट के अनुसार खर्च करें। लेनदेन में सतर्क रहें तथा विवाद और उधार से बचें।

वृश्चिक : आय में वृद्धि और कारोबार के विस्तार के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी तथा अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा।

धनु : मान-सम्मान और प्रभाव में वृद्धि होगी। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी तथा करियर और कारोबार में अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

मकर : भाग्य का साथ मिलेगा और लंबे समय से अटके कार्य पूरे होंगे। करियर में सफलता मिलेगी तथा आय और मनोबल में वृद्धि होगी।

कुंभ : कामकाज सामान्य रहेगा, महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर लें। आर्थिक मामलों में अनुशासन रखें और व्यक्तिगत खर्चों पर नियंत्रण बढ़ाएं।

मीन : कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे और कारोबार का विस्तार होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी तथा भूमि-भवन से जुड़े कार्यों में गति आएगी।

पटाखा बिक्री स्थल पर फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस की रहेगी व्यवस्था, सुरक्षा को लेकर नगरपालिका प्रशासन सक्रिय

नोहर में श्रीराम वाटिका के पास विशेष पटाखा स्थल निर्धारित किया गया

सीमा सन्देश # नोहर। दीपावली पर्व को देखते हुए नोहर में पटाखा दुकानदारों के लिए नगरपालिका की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। पटाखा दुकानों के संचालन के लिए श्रीराम वाटिका पार्क के पास एक निर्धारित स्थान उपलब्ध करवाया गया है। इसी क्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि सिकंदर टाक ने मौके पर पहुंचकर पटाखा दुकानों के लिए की गई निशानदेही एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता सुशील सिहाग, हंसा गुर्जर सहित कर्मचारी व पार्षद उपस्थित थे। सिकंदर टाक ने बताया कि इस बार पटाखा दुकानदारों को श्रीराम वाटिका पार्क के पास खुले एवं सुविधाजनक स्थान



पर जगह उपलब्ध करवाई गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य दुकानदारों को उचित स्थान उपलब्ध करवाने के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा, बाजारों में भीड़ को नियंत्रित करने तथा आवागमन को सुचारू बनाए रखना है।

आपातकालीन सुविधाओं पर रहेगा विशेष ध्यान

पटाखा बिक्री स्थल पर सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस सहित अन्य आवश्यक आपातकालीन सुविधाओं की व्यवस्था रहेगी। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे। साथ ही पटाखा दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर ही दुकानें लगाने तथा सुरक्षा नियमों की पालना करने के निर्देश दिए। चेयरमैन प्रतिनिधि सिकंदर टाक ने निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि दीपावली के दौरान पटाखा खरीदने आने वाले नागरिकों और दुकानदारों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। नगरपालिका प्रशासन की इस पहल से बाजारों में अनावश्यक भीड़ कम होने के साथ ही पटाखा बिक्री को व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। विदित रहे कि श्रीराम वाटिका के पास वर्षों पुरानी भूमि को नगर पालिका द्वारा साफ सफाई करवा कर उपयुक्त बनाया गया है।

रोवर स्काउट्स ने दिया कचरा प्रबंधन का संदेश



श्रीगंगानगर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, जिला मुख्यालय की ओर से बाल निकेतन सेकेंडरी स्कूल में कचरा प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रोवर सूरज एवं आकाश ने विद्यार्थियों को कचरे के उचित प्रबंधन की जानकारी देते हुए अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वेदप्रकाश स्वामी, एम.डी. रमेश कुमार स्वामी, उप-प्रधानाचार्य राकेश स्वामी एवं स्थानीय संघ सचिव रामकुमार स्वामी उपस्थित रहे। एलए सचिव स्वामी और विद्यालय प्रबंधन ने इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की।

एक माह बाद भी ई-रिक्शा चोरी मामले में कार्रवाई नहीं

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन में यातायात शाखा के पास खड़े ई-रिक्शा से 3600 रुपए नकदी और चाबी चोरी होने के मामले में एक माह बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। चालक अंकुर सोनी ने एसपी को शिकायत देकर बताया कि 3 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति दो मिनट में ई-रिक्शा से नकदी व चाबी चुरा ले गया। उसने सीसीटीवी फुटेज जांचकर आरोपी का पता लगाने की मांग की है।

हनुमानगढ़ : 70 किलोग्राम दूषित मिठाई नष्ट, छह खाद्य वस्तुओं के सैंपल लिये

पीलीबंगा में कार्रवाई, मिलावट की शिकायत कंट्रोल रूम में दें

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली पर्व के मद्देनजर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण और सैंपलिंग का अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव एवं सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में पीलीबंगा में खाद्य सुरक्षा दल ने कार्रवाई करते हुए 6 सैंपल संग्रहित किए तथा 70 किलोग्राम दूषित खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट करवाई। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा दल ने पीलीबंगा स्थित मैसर्स मयूर स्वीट्स से मीठा मावा, मैसर्स यादव स्वीट्स से मावा बर्फी, मैसर्स श्री राधे-राधे मिष्ठान भंडार से गुलाब जामुन, मैसर्स नीलकंठ मिष्ठान भंडार से गुलाब जामुन तथा मैसर्स लवली केक एंड स्वीट प्वाइंट से गोंद लड्डू और काजू कतली के सैंपल लिए।



दो जगह खराब मिठाई नष्ट करवाई

निरीक्षण के दौरान मैसर्स नीलकंठ मिष्ठान भंडार से 40 किलोग्राम तथा मैसर्स श्री राधे-राधे मिष्ठान भंडार से 30 किलोग्राम दूषित खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट करवाई गई। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार, दीपक कुमार एवं वाहन चालक गुरुशरण सिंह शामिल रहे।

बिल और एक्सपायरी डेट की जांच करने की अपील

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने खाद्य कारोबारियों से केवल मानक गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री बेचने तथा खरीद-बिक्री के बिल, बैच नंबर, निर्माण तिथि और उपयोग की अंतिम तिथि का रिकॉर्ड संधारित रखने की अपील की।

छात्राओं ने दिया जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

सीमा सन्देश # नोहर। श्रीमती जानकी देवी पेड़ीवाल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, नोहर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कार्यवाहक प्रधानाचार्य हरीश हिसारिया ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम अधिकारी माया पारीक के निर्देशन में आयोजित शिविर में विमला कुमारी ने वर्षा जल संचयन विषय पर प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने वर्षा जल संग्रहण की तकनीकों, भूजल स्तर बढ़ाने तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। शिविर के दौरान छात्राओं ने श्रमदान कर विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्राओं ने जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण सुरक्षा विषयों पर आकर्षक चार्ट तैयार किए। साथ ही ऊर्जा संरक्षण और विद्युत बचत के महत्व की जानकारी भी दी गई।

चारणवासी की पहली पंचायत में एड. सुभाष भांभू का ऐतिहासिक दबदबा, 1671 वोटों से जीते

सीमा सन्देश # चारणवासी। स्वतंत्र ग्राम पंचायत चारणवासी 7 केएनएन में पहली बार हुए सरपंच पद के चुनाव में एड वो के ट सुभाष भांभू ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी गोविंद को 1671 वोटों के भारी अंतर से पराजित कर ग्राम पंचायत के पहले सरपंच बनने का गौरव हासिल किया। मतगणना में तीनों बूथों के परिणाम सामने आने के बाद सुभाष भांभू को कुल 1852 वोट मिले, जबकि गोविंद को 181 वोट प्राप्त हुए। नोटा के पक्ष में 27 मत पड़े तथा 17 वोट निरस्त किए गए। बूथवार परिणामों के अनुसार बूथ नंबर 111 (वार्ड 1, 2 व 6) पर सुभाष भांभू को 687, गोविंद को 76 और नोटा को 7 वोट मिले। यहां 6 वोट निरस्त हुए। बूथ नंबर 112 (वार्ड 3 व 4) पर सुभाष को 600, गोविंद को 48 और नोटा को 6 वोट मिले, जबकि 3 वोट निरस्त हुए। इसी प्रकार बूथ नंबर 113 (वार्ड 5 व 7) पर सुभाष भांभू को 565, गोविंद को 57 और नोटा को 16 वोट मिले। इस बूथ पर 8 वोट निरस्त किए गए। तीनों बूथों के परिणामों में सुभाष भांभू को मिले भारी जनसमर्थन ने उनकी जीत को ऐतिहासिक बना दिया।



वर्धमान ज्वैलर्स संगरिया दिवाली विशेष; सोने-चांदी की चमक के साथ पाएं शानदार ऑफर्स

संगरिया। शहर के सबसे प्रतिष्ठित अग्रसेन मार्केट में स्थित वर्धमान ज्वैलर्स पर 5 से 8 नवंबर तक विशेष दिवाली ऑफर दिया जा रहा है। संचालक संचालक सुमन जैन ने बताया कि वर्तमान ज्वेलर्स पर मेकिंग चार्ज में छूट के साथ आकर्षक उपहार पाने का मौका है। त्योहारों की खुशियां अपनों के साथ बांटने का आनंद ही कुछ अलग होता है। सुमन जैन बताते हैं कि दो दशक से अधिक समय से ग्राहकों का विश्वास जीतने वाले वर्धमान ज्वैलर्स की ओर से इस दिवाली ग्राहकों के लिए 5 से 8 नवंबर तक विशेष ऑफर प्रस्तुत किए गए हैं।



जिसमें सोने एवं हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्ज में 2 प्रतिशत की छूट।

20 हजार की खरीदारी पर गारंटीड उपहार

2 लाख रुपये से अधिक की खरीदारी पर शानदार उपहार दिए जा रहे हैं। इसके अलावा आगामी विवाह सीजन के लिए अग्रिम बुकिंग पर भी विशेष ऑफर वर्धमान ज्वैलर्स पर दिए जा रहे रहे हैं। जैन बताते हैं कि उनके द्वारा धनतेरस पर सोने चांदी तथा अन्य आभूषणों की खरीद के लिए संस्थान पर विशेष व्यवस्था की गई है।

मालासिंह कुएं, बोडिया कुएं और साहवा अड्डे के प्रमुख चौराहे से जुड़ा मामला

ऐतिहासिक धरोहर व रास्ते से कब्जा हटाने के आदेश

सीमा सन्देश # नोहर। नोहर की ऐतिहासिक धरोहरों, सार्वजनिक रास्तों और सरकारी भूमि पर कथित अतिक्रमण का मामला राजस्थान हाईकोर्ट पहुंच गया है। राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर की खंडपीठ ने 4 नवंबर 2026 को जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमण की जांच करवाकर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नोहर निवासी जलदाय विभाग के सेवानिवृत्त कार्मिक महावीर प्रसाद की ओर से दायर जनहित याचिका (डीबी सिविल रिट याचिका संख्या 21658/2026) में साहवा अड्डे के प्रमुख चौराहे, मालासिंह कुएं और बोडिया कुएं की भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा सार्वजनिक रास्ते को व्यवस्थित करने की मांग की गई थी। न्यायालय ने अधिकारियों को 20 जनवरी 2017 के सरकारी पत्र में उल्लिखित भूमि की जांच करवाने के निर्देश दिए हैं। जांच में अतिक्रमण पाए जाने पर कानून के अनुसार उसे हटाने की कार्रवाई करनी होगी।



हाईकोर्ट के आदेशानुसार संबंधित भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने पर आठ सप्ताह के भीतर उसे हटाने की कार्रवाई करनी होगी। वहीं, अधिकारियों को 10 सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट न्यायालय में पेश करनी होगी। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ताओं ने भी जांच करवाकर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। एडवोकेट विजय सिंह महला ने अधिकारियों से राजनीतिक हस्तक्षेप से बचते हुए न्यायालय के आदेश की पालना सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मामला किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करने का नहीं, बल्कि शहर की सार्वजनिक संपत्ति, ऐतिहासिक विरासत और आमजन के अधिकारों की रक्षा का है। अब शहरवासियों की नजर जिला प्रशासन, उपखंड प्रशासन, नगर पालिका और राजस्व विभाग पर है। उम्मीद है कि कार्रवाई से साहवा अड्डे का चौराहा व्यवस्थित होगा और ऐतिहासिक कुओं की पहचान सुरक्षित रह सकेगी।

रंगोली बनाकर दिया नशा मुक्ति का संदेश



सीमा सन्देश# रावतसर। राजकीय महाविद्यालय, रावतसर में महाविद्यालय की छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। साथ ही दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में सुंदर एवं आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने सभी विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा जीवन में निरंतर मेहनत करते हुए सफलता की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर वीरेंद्र गोदारा, प्रीति स्वामी, मुकेश शर्मा, सुनील कुमार, गौरीशंकर प्रजापत सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रामा पैलेस में हुआ आयोजन, अतिथियों ने मेहनत, अनुशासन और समर्पण का दिया संदेश

केडीपी स्कूल के वार्षिकोत्सव 'सरोवर 2026' में दिखाई प्रतिभा

सीमा सन्देश # नोहर। स्थानीय रामा प्लेस में केडीपी स्कूल का वार्षिक महोत्सव 'सरोवर 2026' हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिरुचि का शानदार संगम देखने को मिला। वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में नोहर न्यायालय से कुमकुम (एडीजे) एवं डिम्पल कुमार (एमजेएम) उपस्थित रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, कला प्रदर्शन और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मंच पर विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, उत्साह और शानदार प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। कार्यक्रम में प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सामाजिक मूल्यों, शिक्षा के महत्व और जीवन में सकारात्मक सोच



रखने का संदेश भी दिया गया। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और तैयारी से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करने का स्थान नहीं है, बल्कि यहां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और प्रतिभा का भी विकास होता है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करते है। विद्यालय निदेशक सानिध्य खटोतिया ने आभार जताया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन, लगन और सकारात्मक सोच जरूरी है।

विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

समारोह के दौरान विभिन्न गतिविधियों एवं क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मान प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी प्रतिभा निखारने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी, अपाला स्कूल के डायरेक्टर महेश शर्मा, डॉ. चन्द्र सुथार, सतीश अत्री, प्रदीप बागड़ी, अभिनव एकेडमी के डायरेक्टर योगेश धेरड़, कृषि उपज मंडी के निर्वतमान वर्तमान अध्यक्ष बलवीर सुथार, पत्रकार मुकेश पारीक, रमाकांत शर्मा, जेके वर्मा सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी व अभिभावक उपस्थित थे। महेश खटोतिया ने आभार जताया। विद्यालय का वार्षिक महोत्सव विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक विशेष मंच बना। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ विद्यार्थियों के भविष्य, शिक्षा और व्यक्तित्व विकास से जुड़े संदेश भी देखने को मिले।

महाविद्यालय में जेट काउंसलिंग का शुभारंभ

सीमा सन्देश # नोहर। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (एसकेआरएयू), बीकानेर की ओर से आयोजित राजस्थान जेट-2026 संयुक्त प्रवेश परीक्षा के तहत राजकीय कृषि महाविद्यालय, नोहर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश की अंतिम प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय की ओर से सीट आवंटन सूची जारी होने के बाद महाविद्यालय में विद्यार्थियों की व्यक्तिगत उपस्थिति एवं मूल दस्तावेजों के सत्यापन (फिजिकल रिपोर्टिंग) का कार्य प्रारंभ हो गया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा छिम्पा ने प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिन विद्यार्थियों को ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से राजकीय कृषि महाविद्यालय, नोहर आवंटित हुआ है तथा जिन्होंने ऑनलाइन फीस जमा करवा दी है, 6 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे तक महाविद्यालय परिसर में उपस्थित होकर अपनी रिपोर्टिंग प्रक्रिया पूरी करवा सकते हैं।

101 वर्षीय रेवंती सिहाग और 104 वर्षीय बाधु देवी ने भी डाला वोट, युवा मतदाताओं की भी रही उत्साहपूर्ण भागीदारी

पंचायत राज चुनाव में ग्रामीणों ने दिखाया लोकतंत्र के प्रति उत्साह

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तीसरे चरण के तहत जिले की छह पंचायत समितियों की 204 ग्राम पंचायतों में गुरुवार को सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान हुआ। सुबह 7 बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया के दौरान सभी क्षेत्रों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान शुरू हुआ। मतदान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह नजर आया। युवा मतदाताओं से लेकर बुजुर्गों तक लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाते दिखाई दिए। सुबह 6.30 बजे से ही मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। युवा मतदाताओं ने भी लोकतंत्र के महापर्व में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। युवाओं ने मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में योगदान दिया। पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं में भी अपने मताधिकार को लेकर उत्साह दिखाई दिया। युवा महिला शक्ति ने भी पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ अपनी भागीदारी निभाई। तीसरे चरण में हनुमानगढ़ जंक्शन, पीलीबंगा, नोहर, पल्लू, भादरा एवं राजपुरा (8 बीएचडी) पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतें शामिल थीं। इन पंचायत समितियों की 204 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए कुल 873 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। वहीं पल्लू पंचायत समिति की दनियासर ग्राम पंचायत में सरपंच पद पर एकमात्र प्रत्याशी इंद्रा देवी पत्नी भागीरथ को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जा चुका है। इसके चलते वहां सरपंच पद के लिए मतदान नहीं हुआ।

जिले की 204 ग्राम पंचायतों में सरपंच-पंच चुनने के लिए हुआ मतदान



204 ग्राम पंचायतों में 873 सरपंच प्रत्याशी थे मैदान में

तीसरे चरण में जिले की छह पंचायत समितियों की 205 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए कुल 1,309 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए थे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा एवं नाम वापसी के बाद 204 ग्राम पंचायतों में 873 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए। पंचायत समिति वार स्थिति के अनुसार भादरा की 26 ग्राम पंचायतों में 120, हनुमानगढ़ जंक्शन की 23 ग्राम पंचायतों में 120, नोहर की 59 ग्राम पंचायतों में 235, पल्लू की 24 ग्राम पंचायतों में 94, पीलीबंगा की 46 ग्राम पंचायतों में 178 तथा राजपुरा (8 बीएचडी) की 29 ग्राम पंचायतों में 126 प्रत्याशियों ने सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ा।

101 व 104 वर्षीय बुजुर्ग महिलाओं ने भी किया मतदान

लोकतंत्र के इस महापर्व में बुजुर्ग मतदाताओं ने भी पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ अपनी भागीदारी निभाई। देवासर गांव की 101 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता रेवंती सिहाग तथा हनुमानगढ़ की 104 वर्षीय बाधु देवी ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उम्र के इस पड़ाव पर भी दोनों बुजुर्ग महिलाओं ने मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। उनका यह उत्साह अन्य मतदाताओं के लिए भी प्रेरणादायी रहा।



यूं आगे बढ़ा मतदान का प्रतिशत

सुबह 10 बजे तक जिले में कुल 24.10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस दौरान 1,75,641 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। सुबह 10 बजे तक प्राप्त पंचायत समिति वार मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में पल्लू पंचायत समिति सबसे आगे रही। यहां 25.07 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। भादरा एवं नोहर पंचायत समितियों में 24.40-24.40 प्रतिशत मतदान हुआ। राजपुरा (8 बीएचडी) में 24.09 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। वहीं हनुमानगढ़ जंक्शन पंचायत समिति में 23.39 प्रतिशत तथा पीलीबंगा में सबसे कम 23.33 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, दोपहर 1 बजे तक जिले में कुल 50.63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस दौरान कुल 7,28,911 मतदाताओं में से 3,69,031 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। दोपहर 1 बजे तक प्राप्त पंचायत समिति वार मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में भी पल्लू पंचायत समिति सबसे आगे रही। यहां 52.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। नोहर पंचायत समिति में 52 प्रतिशत मतदान हुआ। भादरा में 50.91 प्रतिशत, राजपुरा (8 बीएचडी) में 50.38 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। वहीं पीलीबंगा में 49.53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हनुमानगढ़ जंक्शन पंचायत समिति में सबसे कम 47.56 प्रतिशत मतदान हुआ। अपराह्न 3 बजे तक जिले में कुल 69.45 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। ग्राम पंचायत समिति अनुसार मतदान प्रतिशत की बात करें तो अपराह्न 3 बजे तक नोहर में सबसे अधिक 71.66 प्रतिशत, भादरा में 68.90 प्रतिशत, हनुमानगढ़ जंक्शन में 65.27 प्रतिशत, पल्लू में 72.14 प्रतिशत, पीलीबंगा में 68.19 प्रतिशत और राजपुरा (8 बीएचडी) में सबसे कम 69.19 प्रतिशत मतदान हुआ था।

2151 पंच पदों के लिए भी मतदान

तीसरे चरण में शामिल छह पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में 2151 वार्ड पंच पदों के लिए कुल 3536 नामांकन दाखिल किए गए थे। नामांकन, संवीक्षा एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को इन पदों के लिए भी मतदान करवाया गया। सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान मतपेटियों के माध्यम से हुआ। मतदान के लिए जिले में कुल 749 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए थे। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना का कार्य शुरू हो गया। इसके बाद शुक्रवार, 6 नवम्बर को उपसरपंच पद के लिए चुनाव करवाया जाएगा।

ग्राम पंचायत भगवान में 92. 41 प्रतिशत मतदान

पहली बार बनेगी ग्राम पंचायत भगवान की अपनी सरकार, लोकतंत्र के महापर्व में उमड़ा जनसैलाब



सीमा सन्देश # थालड़का। ग्राम पंचायत भगवान में गुरुवार को लोकतंत्र के महापर्व का उत्साह ग्रामीणों में नजर आया। आजादी के बाद गांव भगवान को अलग ग्राम पंचायत का दर्जा मिलने के बाद पहली बार सरपंच का चुनाव हुआ। पहली बार गांव की अपनी सरकार चुनी जाएगी और गांव को अपना सरपंच मिलेगा। सुबह 7 बजे मतदान शुरू होने से पहले ही पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिला हो या पुरुष, युवा हो या बुजुर्ग, हर कोई अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए उत्साहित नजर आ रहा है। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। ग्राम पंचायत भगवान में तीन बूथ बनाए गए तीनों पर भारी भीड़ देखने को मिली और कुल 92.41 प्रतिशत मतदान हुआ। 6 बजे बाद में पोलिंग बंद हुई और मतपेटियों को सील किया गया किया गया। देर रात सरपंच एवं पंचों के नतीजे आएंगे।

अपने गांव का सरपंच चुनने के लिए उत्साह



सीमा संदेश # चारणवासी। पंचायतीराज चुनावों के तहत क्षेत्र के गांवों में गुरुवार को मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिला। चारणवासी में स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनने के बाद पहली बार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तीन बूथ स्थापित किए गए। सुबह साढ़े सात बजे गुलाबी ठंड के बीच ही मतदाता पहुंचने शुरू हो गए। अपने गांव का सरपंच अपने गांव में ही चुनने को लेकर युवाओं, महिलाओं व पुरुषों में खासा उत्साह रहा। चारणवासी व चक 9 केएनएन के कुल 2327 मतदाताओं में से 2079 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गांव मलवाणी में भी मतदान शांतिपूर्ण रहा। सुबह घरेलू व पशुओं के कामकाज के चलते मतदान की रफ्तार धीमी रही, लेकिन 11 बजे



बाद बूथों पर मतदाताओं की भीड़ बढ़ने लगी। महिलाओं ने बताया कि सुबह घर का काम निपटाकर वे लोकतंत्र के पर्व में शामिल हुईं। इधर, रतनपुरा में मतदान शुरू होने के दौरान दो बार दोनों पक्षों के समर्थकों में झड़प हुई। पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए स्थिति नियंत्रित की। अतिसंवेदनशील बूथ होने के कारण यहां एक एएसआई सहित पांच पुलिसकर्मियों का अतिरिक्त जाब्ता तैनात रहा। उच्चाधिकारियों ने भी मतदान केंद्र का जायजा लिया। गांव जसाना के अतिसंवेदनशील बूथ पर भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। दोपहर बाद मतदान में तेजी आई और बूथों पर लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान युवा राजू अपनी 90 वर्षीय दादी मामकौरी को व्हीलचेयर की मदद से मतदान केंद्र लेकर पहुंचा। मतदान कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए बुजुर्ग महिला का मतदान करवाया। पूरे क्षेत्र में मतदान दलों व पुलिस की मुस्तैदी देखने को मिली।

रावतसर : युवा चेहरा नीतू चौधरी को सरपंच पद के लिए मिल रहा स्नेह





सीमा सन्देश# रावतसर। पंचायत चुनावों के मद्देनजर ग्राम पंचायत खोड़ा में राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा गया है। इस बार खोड़ा पंचायत से सरपंच पद के लिए एक नया और बेहद मजबूत विकल्प सामने आया है। पंचायत के विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए कु. नीतू चौधरी पुत्री रजीराम महला) को सरपंच पद हेतु मैदान में उतारा गया है। नीतू चौधरी के चुनावी मैदान में आने से गांव की राजनीति में एक सकारात्मक बदलाव की चर्चा जोरों पर है। वर्तमान समय में खोड़ा पंचायत के मतदाताओं की यह मुख्य मांग रही है कि गांव के चहुंमुखी विकास के लिए एक पढ़ा-लिखा और दूरदर्शी नेतृत्व होना चाहिए। इसी उम्मीद पर खरी उतरती हुईं नीतू चौधरी पुत्री रजीराम महला एक शिक्षित, ऊजार्वान और ईमानदार युवा उम्मीदवार के रूप में उभरी हैं। उनकी शैक्षणिक योग्यता और समाज के प्रति सेवाभाव को देखते हुए ग्रामीण उन्हें एक आदर्श नेतृत्वकर्ता के रूप में देख रहे हैं।

बुनियादी समस्याओं का समाधान करेंगे

नीतू चौधरी के पक्ष में ग्राम पंचायत खोड़ा के युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं से जनसम्पर्क जारी है। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि एक युवा और शिक्षित महिला के हाथों में पंचायत की कमान आने से गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, और पेयजल जैसी बुनियादी समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान हो सकेगा। चुनावी कैंपेन के दौरान समर्थकों और शुभचिंतकों ने ग्राम पंचायत खोड़ा के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि वे जात-पात और आपसी भेदभाव से ऊपर उठकर गांव के विकास को प्राथमिकता दें।

नोहर पंचायत समिति क्षेत्र की 59 ग्राम पंचायतों में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ मतदान

कहीं सीधा मुकाबला तो कहीं आधा दर्जन से अधिक प्रत्याशी मैदान में, सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर रही मतदाताओं की भीड़

सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत चुनाव के तहत गुरुवार को नोहर पंचायत समिति क्षेत्र की 59 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक हुआ। मतदान के दौरान एक-दो स्थानों पर मामूली झड़प की घटनाएं सामने आईं, लेकिन इन्हें छोड़कर पूरे क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। अनेक ग्राम पंचायतों में निर्धारित समय के बाद भी मतदाता खतारो में खड़े रहे। नोहर पंचायत क्षेत्र की 59 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए कुल 359 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। गुरुवार को सुबह मौसम में हल्की ठंडक होने के कारण मतदान धीमा रहा मगर उसके बाद लगातार मतदान में तेजी रही। कई ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए सीधा मुकाबला देखने को मिला, वहीं कुछ पंचायतों में आधा दर्जन से अधिक प्रत्याशी चुनाव मैदान में होने से मुकाबला रोचक बना रहा। मतदान के शुरूआती दौर में मतदाताओं की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। सुबह 10 बजे तक 24.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद दोपहर 1 बजे तक मतदान का आंकड़ा बढ़कर 52 प्रतिशत पहुंच गया। दोपहर 3 बजे तक क्षेत्र में 71.66 प्रतिशत मतदान हो चुका था। इसके बाद शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया जारी रही। शाम 6 बजे मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब मतगणना शुरू हो गई। चुनाव परिणाम को लेकर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में उत्सुकता बनी रही। गांवों में चुनावी चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। नोहर पंचायत समिति में इस बार भी 16 ग्राम पंचायतें नई बनी है। नोहर पंचायत समिति में कुल 59 ग्राम पंचायतें हैं।

मामूली झड़प की घटना को छोड़कर मतदान रहा शांतिपूर्ण





नोहर राजस्थान की सातवीं सबसे बड़ी पंचायत समिति

नोहर पंचायत समिति राजस्थान की सातवीं सबसे बड़ी पंचायत समिति है। सरपंचों के मतदान को लेकर विशेष कर युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। नई ग्राम पंचायत बनी चक राजासर में पहला वोट पंकज खाती ने डाला। उप जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. हंसराज शर्मा ने अपने पत्नी के साथ अपने गांव मंदरपुरा में वोट डालकर मतदान की अपील भी की। अनेक ग्राम पंचायत में समाचार लिखे जाने तक 90 प्रतिशत से ऊपर मतदान हुआ था।

10 नवम्बर से फिर शुरू होगी नीलामी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली अवकाश के चलते 6 नवम्बर से 9 नवम्बर तक टाउन कृषि उपज मंडी में कृषि जिंसों की बोली एवं नीलामी नहीं होगी। 10 नवम्बर से मंडी में नियमित रूप से कृषि जिंसों की बोली शुरू होगी। व्यापार संघ संस्था, टाउन के अध्यक्ष मेजर सिंह ने सभी व्यापारी सदस्यों से अपने-अपने किसानों को मंडी में अवकाश की सूचना देने की अपील की है, ताकि किसानों को परेशानी न हो। उन्होंने व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं को दीपावली, धनतेरस और भाई दूज की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने बताया कि 9 नवम्बर को सुबह 11.15 बजे भटनेर पैलेस में अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

ग्राम पंचायत 6-7डीडब्ल्यूडी: सरपंच पद प्रत्याशी रतन उदाराम कस्वा का जनसंपर्क अभियान तेज

सीमा सन्देश# रावतसर। ग्राम पंचायत 6=7डीडब्ल्यूडी में सरपंच पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। पंचायत क्षेत्र से सरपंच पद के प्रत्याशी रतन उदाराम कस्वा इन दिनों मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए घर-घर और चौपालों पर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इस जनसंपर्क के दौरान उन्हें ग्रामीणों का स्नेह मिल रहा है। स्वर्गीय उदाराम कस्वा के पद चिन्हों पर चलते हुए रतन उदाराम कस्वा 'सेवा ही सबसे बड़ा धर्म' और 'विकास की सोच, जनसेवा का संकल्प' के ध्येय के साथ चुनावी मैदान में उतरे हैं। अपने जनसंपर्क अभियानों में वे मुख्य रूप से गांव में स्वच्छता, मूलभूत



सुविधाओं के विस्तार, और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान जैसे गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं। चुनावी माहौल के बीच रतन उदाराम कस्वा का मतदाताओं से रूबरू होना और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनना चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का मानना है कि यह चुनाव केवल एक प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं है, बल्कि गांव के भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण समय है। मतदाता भी अब गांव की जरूरतों और विकास कार्यों को सर्वोपरि रखकर अपने योग्य प्रतिनिधि का चयन करने का मन बना चुके हैं। जनता की उम्मीदें और प्रत्याशियों की कार्ययोजनाएं ही इस चुनावी रण में मुख्य चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं। अब देखना यह होगा कि आने वाले चुनावों में मतदाता किसके पक्ष में अपना फैसला सुनाते हैं।

खोड़ा ग्राम पंचायत में चुनावी सरगर्मी तेज: सरपंच पद की उम्मीदवार चौ. बिमला देवी का भव्य स्वागत

सीमा सन्देश# रावतसर। आगामी ग्राम पंचायत चुनावों को लेकर खोड़ा गांव में राजनीतिक सरगर्मी और उत्साह अपने चरम पर है। ग्राम पंचायत खोड़ा से सरपंच पद की सशक्त और उम्मीदवार चौधरी बिमला देवी धर्मपत्नी चौधरी ताराराम खोड़ का गांव में जनसंपर्क और स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चौधरी बिमला देवी खोड़ पढ़ी लिखित शिक्षित महिला है। सबसे खास बात यह रही कि सम्पूर्ण राजपूत परिवार, मेघवाल परिवार, छप्पा परिवार और मिरासी परिवार के सैकड़ों, उत्साही साथियों ने एकजुट होकर बिमला देवी का अभूतपूर्व स्वागत किया। इस अनूठे स्वागत समारोह ने गांव में चुनावी माहौल को पूरी तरह से श्रीमती बिमला देवी के पक्ष में मोड़ दिया है।



इस दौरान उपस्थित सभी समुदायों के प्रमुख लोगों ने एक स्वर में कहा कि बिमला देवी का मिलनसार स्वभाव और समाजसेवा के प्रति समर्पण उन्हें इस पद के लिए सबसे योग्य उम्मीदवार बनाता है। प्रबुद्धजनों ने कहा कि ग्राम पंचायत खोड़ा में इस बार बदलाव और चहुंमुखी विकास की लहर है। बिमला देवी ने सभी परिवारों और उपस्थित समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे गांव के हर वर्ग के विकास, पारदर्शिता और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगी। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य खोड़ा पंचायत को मूलभूत सुविधाओं से



परिपूर्ण और एक आदर्श पंचायत बनाना है। उपस्थित सभी युवा साथियों और बुजुर्गों ने एक सुर में उन्हे जीताने का संकल्प लिया। इस आयोजन के बाद से पूरे क्षेत्र में चुनावी चचाओं का बाजार गर्म है और हर तरफ बिमला देवी की जीत के कयास लगाए जा रहे हैं।

बाबा विश्वकर्मा का सालाना समागम 9 से 11 नवंबर तक

सीमा सन्देश # पदमपुर

बाबा विश्वकर्मा का सालाना समागम 9 से 11 नवंबर तक





विश्वकर्मा भवन में आयोजित होगा। रामगढ़िया विश्वकर्मा सेवा समिति के अनुसार भाई गुरनाम सिंह रामा मंडी वाले(पंजाब) संत बाबा भरपूर सिंह सेवा झूलर(पंबाज)हेड ग्रंथी राजवीर सिंह पदमपुर, बाबा गुरप्रीत सिंह हनुमानगढ़ , हजूरी रागी जत्था कुलदीप सिंह दीपक , गगनदीप सिंह संदीप सिंह सहित कीर्तनीय जत्थे11 नवंबर को सुबह 9 से 2 बजे तक रूहानी दीवान मे मधुर वाणी से साध संगत को निहाल करेंगे। टीका भाई दूज का दिन फिक्स रहेगा। समिति के सेवादार प्यार सिंह कलसी , गुरमेल सिंह धौसी , नक्षत्र सिंह कलसी , दर्शन सिंह कलसी ,संतोष सिंह मुटियार , हरदीप सिंह कलसी, कुलदीप सिंह झोइट सुखदेव सिंह चानी, परमजीत सिंह झोइट , बिन्दर सिंह गिल , जगतार सिहं दंदीवाल , जिन्दर सिंह घडियाल स्वर्ण सिंह (बिट्टू) सहित अन्य सेवादार समागम की तैयारीयों को लेकर बैठक कर विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। प्यार सिंह कलसी ने बताया 9 नवंबर को श्री अखंड पाठ का प्रकाश सुबह 9 बजे होगा। 10 तारीख को मध्यभोग एवं 11 नवंबर को श्रीखंड पाठ भोग उपरान्त कीर्तन दरबार सजेगा एवं गुरु का अटूट लंगर वितरित होगा।

प्रेमसुख जाखड़ ने कबड्डी में दिलाया राजस्थान को स्वर्ण पदक

सीमा सन्देश# खाजूवाला



प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती, यदि मन में कुछ कर गुजरने का जुनून और हौसला हो तो विपरीत परिस्थितियां भी सफलता का रास्ता नहीं रोक सकतीं। इसका उदाहरण खाजूवाला क्षेत्र के गांव संसारदेसर के मूल निवासी एवं वर्तमान में 28 केजेडी निवासी प्रेमसुख जाखड़ ने पेश किया है। प्रेमसुख ने बिहार की राजधानी पटना में आयोजित 52वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में राजस्थान टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1 से 4 नवंबर 2026 तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में राजस्थान ने मजबूत मानी जाने वाली हरियाणा की टीम को 50-44 से पराजित कर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रेमसुख ने प्रतियोगिता के दौरान अपने बेहतरीन खेल, दमदार प्रदर्शन और सूझबूझ से टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। प्रेमसुख जाखड़ पुत्र लालचंद जाखड़ का परिवार देश सेवा और त्याग की भावना से ओतप्रोत रहा है। प्रेमसुख के दादा रामपाल जाखड़ के बहनोई कैप्टन चंद्र चौधरी ने भी देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए थे।

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की जरूरत: प्रेमसुख की इस उपलब्धि से खाजूवाला, संसारदेसर और बीकानेर जिले में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सीमित सुविधाओं के बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार और खेल विभाग को विशेष ध्यान देना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाएं, बेहतर प्रशिक्षण, खेल सामग्री और आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाया जाए, ताकि क्षेत्र की अन्य प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

अमरजीत सिंह भंडाल नहीं रहे



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। गांव 40 एच निवासी स्व. तारासिंह भंडाल के पुत्र, आढ़त व्यवसायी कपूर सिंह भंडाल के छोटे भाई व दविंद्र सिंह भंडाल के पिता स. अमरजीत सिंह भंडाल का एक नवंबर को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम शव यात्रा में भण्डाल परिवार के सगे संबंधियों सहित अनेक व्यापारियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया व भण्डाल परिवार के साथ शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

विधि व्यवसाय एक नोबेल प्रोफेशन : जयशंकर



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पटियाला के कुलपति प्रो. जयशंकर ने राजकीय विधि महाविद्यालय के छात्रों से सम्वाद करते हुए कहा कि विधि व्यवसाय एक नोबेल प्रोफेशन है। यहां व्यक्ति अपने विकास के साथ-साथ समाज में जेंटलमैन के रूप में स्वयं को स्थापित कर लोगों को न्याय के अवसर उपलब्ध करवाकर सेवा का कार्य करता है। उन्होंने इस अवसर पर प्राध्यापकों से कहा कि विधि शिक्षा में शोध एवं पाठ्यक्रम में गुणवत्ता के साथ प्राध्यापकगण इसको नए आयाम दे सकते हैं। विद्यार्थी समाज में सजग नागरिक के रूप में गरीब, दुर्बल व अशिक्षित व्यक्ति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वीएन सिंह ने कुलपति प्रो. जयशंकर का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उनका महाविद्यालय का अवलोकन करने पर आभार जताया और उनके मार्गदर्शक सुझावों को आत्मसात करने का विश्वास दिलाया।

महेश सिंगला का निधन, शोक ही लहर

सादुलशहर। व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण सिंगला के बडे भाई कॉटन फैक्ट्री के संचालक महेश सिंगला का गुरूवार को निधन हो गया। निधन का



समाचार पाकर कस्बे में शोक की लहर दौड गई। अंतिम संस्कार 6 नवंबर शुक्रवार को सुबह नौ बजे श्रीराम कल्याण भूमि में किया जाएगा। महेश सिंगला राजीव सिंगला, नवनीत सिंगला के पिता एवं ललित सिंगला, कपिल सिंगला के ताउ थे। निधन पर पूर्व विधायक जगदीशचंद्र जांगिड, संजय जांगिड, संतोष सहारण, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड, एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, धान मंडी के व्यवसायी अशोक गोयल, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ओम सरदारशहरिया, एडवोकेट अमित चावला, ईश्वर गोयल, रूपचंद वधवा, राजेंद्र सुखीजा, रामकृष्ण बजाज, इंद्राज बेनीवाल, नोहित गर्ग, अरविंद मिड्ढा, प्रवेश गोयल, राजेंद्र सिंघल आदि शामिल हैं।

अनूपगढ़ : पालिकाध्यक्ष ने किया शुभारंभ, रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी से कस्बा गुलजार

दीपावली पर की गई भव्य डेकोरेशन व लाइटिंग






सीमा सन्देश # अनूपगढ़

दीपावली पर्व के अवसर पर नगर पालिका अनूपगढ़ की ओर से शहर में की गई भव्य डेकोरेशन और आकर्षक लाइटिंग का गुरुवार शाम शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष निखिला छाबड़ा, उपाध्यक्ष करम निशा बानो, पूर्व विधायक संतोष बावरी, अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित छाबड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष निर्मला गोधारा, एसडीएम कौशल्या बिश्नोई और अधिशासी अधिकारी बब्बू सहित जनप्रतिनिधियों ने रिबन काटकर सजावट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्षदों, नगर पालिका कर्मचारियों और बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद नगर पालिका अध्यक्ष सहित सभी लोगो ने पूरे बाजार में की गई आकर्षक सजावट का अवलोकन किया। शहर के मुख्य बाजार के साथ विभिन्न चौक-चौराहों को भी आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। रंग-बिरंगी लाइटिंग, चमकदार झालरों, छतरियों और भव्य तोरण द्वारों से बाजार को नया रूप दिया गया है। स्वागत द्वारों पर 'जय श्रीराम' और 'जय श्रीश्याम' के संदेश आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सजावट में महानगरों में दीपावली के दौरान दिखाई देने वाली भव्य रोशनी और रौनक की झलक देखने को मिल रही है। डेकोरेशन के दौरान टेडी बियर और विभिन्न कार्टून कैरेक्टर ने भी बच्चों और शहरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। इस विशेष सजावट को देखने के लिए लोगों में खासा उत्साह नजर आया।

इस दौरान व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिला छाबड़ा और मोहित छाबड़ा का जगह-जगह स्वागत एवं अभिनंदन किया। पूरे बाजार में दीपावली की रौनक और उत्सवी माहौल देखने को मिला।

चेयरमेन आकांक्षा चौधरी ने अधिकारी और पार्षदों के साथ देखी व्यवस्थाएं

केसरीसिंहपुर: मुख्य बाजार को सजाने और स्वच्छ बनाने में जुटी नगर पालिका

सीमा सन्देश # केसरीसिंहपुर



दीपावली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका केसरीसिंहपुर की अध्यक्ष आकांक्षा चौधरी, पालिका जेईएन नेहा गर्ग और वार्ड नंबर 1 के पार्षद पवन कुमार तथा वार्ड नंबर 4 के पार्षद जसवंत सिंह के साथ मुख्य बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी ने मुख्य बाजार में चल रहे सजावट एवं सफाई कार्यों का जायजा लिया। दीपावली के अवसर पर बाजार में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक चर्चा की। नगरपालिका अध्यक्ष आकांक्षा चौधरी ने बताया कि आने वाले एक-दो दिनों में मुख्य बाजार की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। साथ ही बाजार को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा, ताकि दीपावली के पावन अवसर पर पूरा बाजार रोशनी और सजावट से जगमगा उठे। नगरपालिका का प्रयास है कि दीपावली के त्योहार पर कस्बे के नागरिकों एवं बाजार में आने वाले लोगों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित वातावरण मिल सके।

पालिका स्टेडियम में लॉटरी से 23 दुकानों के लिए स्थान आवंटन



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर

नगरपालिका स्टेडियम में दुकानों के लिए स्थान आवंटन को लेकर लॉटरी प्रक्रिया अपनाई। इसमें कुल 23 दुकानों के लिए 23 दुकानदारों ने आवेदन किया था। लॉटरी के दौरान सभी स्थायी लाइसेंसधारी मौजूद रहे। लॉटरी सिस्टम के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सभी 23 दुकानदारों को स्टेडियम में दुकानों के लिए स्थान आवंटित किए गए। नगरपालिका प्रशासन ने पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाई। आवंटन के बाद दुकानदारों ने संतोष जताया। उल्लखेनीय है कि पटाखा बाजार में लगाने की भी चर्चा होती रही, लेकिन बाजार में दुकानें लगाने के विरोध में कई दुकानदारों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

कच्चा बस स्टैंड रेहड़ी विवाद में हाईकोर्ट की सुनवाई टली

अब तीन सप्ताह बाद होगी अगली तारीख

सीमा सन्देश # सरदारशहर। शहर के कच्चा बस स्टैंड पर रेहड़ी-ठेला संचालकों की शिफ्टिंग और कथित अतिक्रमण को लेकर चल रहा विवाद अभी भी न्यायिक प्रक्रिया में उलझा हुआ है। गुरुवार को जोधपुर हाईकोर्ट में इस मामले की प्रस्तावित सुनवाई नहीं हो सकी, जिसके चलते अब अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। इस स्थिति के कारण रेहड़ी-ठेला संचालकों, स्थानीय दुकानदारों और प्रशासन की निगाहें हाईकोर्ट के आगामी आदेशों पर टिकी हुई हैं। जानकारी अनुसार इस प्रकरण में 24 सितंबर 2026 को जारी स्थगन आदेश को पूर्व में चार सप्ताह के लिए बढ़ाया गया था। अब अंतरिम राहत, वेंडरों की शिफ्टिंग और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर आगामी स्थिति न्यायालय के अगले आदेश के बाद ही स्पष्ट होगी। मामले से जुड़े एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि प्रकरण में कई महत्वपूर्ण कानूनी पहलू और दस्तावेज शामिल हैं, जिन्हें उचित समय पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कुछ कानूनी कमियां होने का दावा करते हुए फिलहाल उनका खुलासा करने से इनकार किया है। इस पूरे विवाद में कच्चा बस स्टैंड क्षेत्र के दुकानदारों द्वारा किए गए कथित अतिक्रमण का मुद्दा भी बेहद अहम बना हुआ है। पिछली न्यायिक कार्यवाही के दौरान इस संबंध में जवाब मांगे जाने की बात सामने आई थी, वहीं लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडरों को भी मामले में पक्षकार बनाया गया है। रेहड़ी-ठेला संचालकों की शिफ्टिंग और प्रशासनिक कार्रवाई से जुड़े इस मामले की आगामी सुनवाई काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, और फिलहाल सभी संबंधित पक्ष न्यायालय के अगले आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्र को लेकर दिया ज्ञापन

सीमा सन्देश # सादुलशहर



सादुलशहर पंचायत समिति अंतर्गत ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों के उपयोगिता, पूर्णतया प्रमाण पत्र तथा बिल भुगतान को लेकर विकास अधिकारी भोम सिंह इंदा को ज्ञापन दिया गया है। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा सादुलशहर के अध्यक्ष बलतेज सिंह एवं उपशाखा मंत्री विक्रमजीत की अगुवाई में दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि गत वर्ष में ग्राम पंचायतों द्वारा राज्य सरकार एवं निदेषालय स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के निर्देशानुसार गांवों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कार्य नियमानुसार स्वीकृतियां जारी कर निविदा के माध्यम से संपादित करवाए गए परंतु तकनीकी अधिकारी के सत्यापन के बिना उक्त कार्य पेटे किए गए भुगतान को अंकेक्षण दल द्वारा अनियमित भुगतान मांगा जा रहा है। इससे निर्धारित कार्य करवाने के उपरांत भी ग्राम पंचायतों से अनावश्यक वसूली होगी। पूर्णतया प्रमाण पत्र तकनीकी अधिकारियों द्वार माप पुस्तिका में इंद्राज करने के अभाव में जारी नहीं हो पा रही है। कार्यों पर किए गए व्यय का समायोजन भी नहीं हो पा रहा है। यही नहीं कार्य पेटे प्रत्येक माह के रनिंग बिलों पर तकनीकी अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जा रहे हैं। इसलिए बिलों का भुगतान भी नहीं हो रहा है। ज्ञापन में गत वर्ष में स्वीकृति एवं संपादित कार्यों का भुगतान करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में ग्राम विकास अधिकारी गुरनायब सिंह सहित अन्य ग्राम विकास अधिकारी शामिल थे।

सादुलशहर: रजो देवी भाखर के निधन पर शोक

सादुलशहर। जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, राज नेताओं ने गुरूवार को श्रीमती रजो देवी भाखर पत्नी स्व. त्रिलोकाराम भाखर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड एवं संतोष कुमार सहारण, पंस पूर्व प्रधान निशान सिंह संधू, जसवंत सिंह ढिल्लों, महेंद्रप्रताप ढिल्लों, हरभजन सिंह कडवासरा, जल उपयोक्ता समिति के अध्यक्ष हनुमान झोरड, भवानी शंकर सोनी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष करण सहारण, पूर्व पार्षद अशोक वधवा, रामावतार यादव, एडवोकेट रविंद्र मोदी, डॉ. प्रेम बजाज, डॉ. सुखमंद्र सिंह गिल, बलकरण सिंह, भीमसैन सुथार, मेघराज बिस्सू, महावीर सिहाग, इंद्राज सहारण, पूर्व सरपंच हरभजन सिंह कडवासरा, सुनील चौधरी आदि शामिल हैं। महेंद्र भाखर, सुरेंद्र भाखर, नरेंद्र भाखर ने बताया कि उनकी आत्मिक शांति के लिए श्री गरूड पाठ का भोग एवं पानी ढाल कार्यक्रम 10 नवंबर मंगलवार को दोपहर डेढ बजे निवास स्थान वार्ड नंबर 2 खीचडान बास सादुलशहर में होगा।

सादुलशहर: राजकुमार के निधन स्वरूप सत्संग का आयोजन

सादुलशहर। डिस्कॉम कर्मी योगेश कुमार के ससुर राजकुमार (52) वार्ड नंबर 20 का एक नवंबर को निधन हो गया। उनकी आत्मिक शांति के लिए सत्संग एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम श्री गौशाला में हुआ। व्यापार मंडल कार्य समिति सदस्य नोहित गर्ग, भाजपा नगर मंडल पूर्व अध्यक्ष ईश्वर गर्ग, बीएसएफ के जवान शुभम, डिस्कॉम कर्मी मनीष शर्मा, प्रवेश गोयल, हरीश होटला, सुभाषचंद्र होटला, मोहित आदि ने शोक व्यक्त किया है।

पहल | **जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया श्रमदान**

सूरतगढ़ में दीपावली पर विशेष स्वच्छता अभियान

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



दीपावली पर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से पालिकाध्यक्ष जयोति कंवर के नेतृत्व विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इंदिरा सर्किल से शुरू हुए अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर शहरवासियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। स्वच्छता निरीक्षक प्रभारी मनिंदर सारसर की देखरेख में दो टीमें गठित कर अभियान चलाया गया। पहली टीम ने इंदिरा सर्किल से श्री करणी माता मंदिर होते हुए महाराणा प्रताप चौक तक सफाई की। इस दौरान पालिकाध्यक्ष के साथ ईओ गणपतराम, एईएन महेंद्र थालोड़, राजस्व अधिकारी अंजू सहारण, पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिंह राठौड़, पार्षद कृष्ण छींपा, प्रेमप्रकाश सिंह राठौड़, गिरधारी नाथ, मघाराम स्वामी, अशोक मखीजा, भारत भूषण उपाध्याय, किशन लाल स्वामी, द्वारका प्रसाद, रमेश कुमार आदि ने भी झाड़ू लगाकर सफाई कार्य में भागीदारी निभाई। स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर मयंक वशिष्ठ, भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री श्रविनोद सारस्वत, मुकेश तावणिया, बंसी पारीक, स्टोर प्रभारी संतोष कुमार, भंडारपाल विजय कुमार, जाफर खान, गगन, राहुल, फारूक, रवि खरार्रा, एकता पटेल, पूजा खन्ना, सोनिया, मनजीत सिंह ने भी श्रमदान किया।

दूसरी टीम ने श्री करणी माता मंदिर से महाराणा प्रताप चौक तक सफाई व्यवस्था संभाली। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक मनिंदर सारसर के साथ पार्षद जयमाला सैन ने सड़क के दोनों ओर सफाई करवाई। इस दौरान जमादार मोहनलाल अठवाल, महेंद्र सलोत्रा, दीपक लदड़, भंवरलाल घुसर, रेखा जावा, अंजू, हरिराम, मधुसूदन सहित सफाई कर्मचारियों की टीम ने सफाई कार्य किया। ईओ गणपतराम ने बाजार के दुकानदारों व आमजन से स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए कचरा पात्रों में ही कचरा डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

न्यूज इन ब्रीफ

चूरू: चुनाव में लापरवाही पर 24 कार्मिकों को नोटिस

चूरू। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले 24 कार्मिकों के खिलाफ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देश पर सख्त कार्रवाई की गई है। मतदान दल गठन प्रकोष्ठ की प्रभारी एवं सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि 2 नवंबर 2026 को आयोजित अंतिम प्रशिक्षण में ये 24 कार्मिक बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहे थे। इसे राजकीय आदेशों की अवहेलना और गंभीर लापरवाही मानते हुए इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। सभी कार्मिकों को तीन दिन में लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब न मिलने पर राजस्थान सिविल सेवा नियम, 1958 के नियम 17 और पंचायतीराज अधिनियम के तहत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली पर्व की तैयारियां जोरों पर

कीकरवाली। क्षेत्र के गांवों में दीपावली पर्व को देखते हुए घरों में रंग रोगन एवं साफ-सफाई के काम में तेजी आई है। घर परिवार के सभी छोटे से लेकर बड़े सदस्य दीपावली पर्व के आगमन को लेकर विशेष साफ-सफाई कर रहे हैं। कच्चे मकानों के गोबर एवं लाल मिट्टी को मिलाकर लीपा जा रहा है। कुंभकार वर्ग की ओर से घर-घर जाकर दीपकों का वितरण किया जा रहा है। गांवों की दुकानों पर मिठाई, पटाखे ओर रंग बिरंगे फूलों की माला सज रही है।

पूर्व सरपंच ने दिखाई दरियादिली

कीकरवाली। बस स्टैंड पर वाहन भिड़ंत मामले में पूर्व सरपंच रामकुमार सोखल की गाड़ी की क्षतिपूर्ति के रूप में दूसरे पक्ष से मिले 31 हजार रुपये उन्होंने स्थानीय गोशाला को भेंट कर दिए। इस दौरान पूर्व प्रधान गजेन्द्र सिंह गिल, सुभाष जाखड़, डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। गोशाला समिति ने इसके लिए उनका आभार जताया है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

श्रीकरणपुर। श्रीगंगानगर भारत माला रोड पर चक 6 ओ बी व रामगढसंगर के मध्य बाइक सवार दो युवकों की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार बिक्कर सिंह (38) निवासी 3 एफसी जगतेवाला की मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार युवक पन्नालाल नायक निवासी 3 एचबी घड़साना घायल हो गया। दोनों को घायलावस्था में यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां डॉ. विनोद कुमार ने जांच की।

कार्यक्रम 9 को

श्रीकरणपुर। दीपावली के दूसरे दिन 9 नवंबर को गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार में विश्व के सृजनहार बाबा विश्वकर्मा की जयंती मनाई जाएगी। श्रीअखंड पाठ भोग उपरांत दीवान सजाया जाएगा व लंगर बरताया जाएगा।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

नाम परिवर्तन

■ मैंने अपना राजेन्द्र कुमार से बदलकर राजेन्द्र सिरोही रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाए। - राजेन्द्र सिरोही पुत्र श्री सत्यनारायण निवासी मकान नम्बर 555, गली नम्बर 09, इन्द्रा कॉलोनी, श्रीगंगानगर (राज.)

■ I have changed my name from Shanti Devi to Shanti Devi Balan. All concerned note. - Shanti Devi Balan W/o Devilal Balan R/o 3/84 Shankar Colony, Sriganganagar Rajasthan-335001

■ I, hitherto known as Rohit Kumar S/o Gurmeet Singh R/o Ward no. 01, 7 n p, 7 NP-A, PO:Jhotanwali, DIST:Ganganagar, Rajasthan-335039, have changed my name and shall hereafter be known as HARNIWAZ SINGH.

Sri Guru Nanak Girls' Sr. Sec. School
Opp. Nehru Pari,Sri Ganganagar (Raj.)
Ph. No. 0154-2470944
REQUIRED
PAST CHAMPION ATHLETE FOR KHELO INDIA CENTRE
VOLLEYBALL
(01 Coach On Contract Basis)
Qualification:- International Player Recognized NSF / National AIU Past Champion / Part of Medal Winning Team & Participation Senior National Championship & Part of Medal Winner Team & Participation Khelo India Games / NIS Diploma Related Game. Maximum age Limit 40 year, relaxation may be accorded in deserving cases Please give your Application along with CVs within 15 days inthe Principal office. Only shortlisted candidates will be called for interview No T.A D.A will be paid.
- Principal

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

डेमोक्रेट्स के अमेरिकी संसद पर नियंत्रण के बाद महाभियोग की आशंका पर ट्रंप ने दी प्रतिक्रिया



अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेट्स के अमेरिकी संसद पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने के बाद महाभियोग की आशंका पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी बिल्कुल भी चिंता नहीं है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, अगर डेमोक्रेट्स ऐसा करते हैं तो उनकी पार्टी बर्बाद हो जाएगी। आखिर किसलिए? एक सफल देश चलाने के लिए?

ब्लूटूथ की रफ्तार होगी 4 गुना तेज, 2027 में आएगा यह खास फीचर



ब्लूटूथ के मानक तय करने वाली संस्था ब्लूटूथ स्पेशल इंटरेस्ट ग्रुप ने हाई डाटा थ्रूपुट (HDT) नामक नया फीचर मंजूर किया है। इसे ब्लूटूथ कोर 7.0 का हिस्सा बनाया गया है। ब्लूटूथ लो एनर्जी की मौजूदा 2Mbps की डेटा स्पीड HDT फीचर से 7.5Mbps हो जाएगी। इसका इस्तेमाल करने वाले पहले डिवाइस 2027 की शुरूआत में आने की उम्मीद है।

'AI के गॉडफादर ने 3 ऐसे स्किल बताए हैं जिन पर नहीं है एआई से कोई खतरा



'एआई के गॉडफादर' प्रोफेसर जेफ्री हिंटन ने तीन ऐसे क्षेत्रों का जिक्र किया है जिनमें इंसानों को एआई पर बढ़त हासिल रहेगी। इनमें टॉप-लेवल क्रिएटिविटी, मैनुअल डेक्सटेरिटी और एंपैथी शामिल हैं। हिंटन के अनुसार, अकअब भी इंसानी दुनिया के सबसे बेहतरीन रचनात्मक कलाकारों जितना सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि ह्यूमनॉइड रोबोट बारीक काम करने में सक्षम नहीं हैं।

72 साल के बुजुर्ग को थी महीनों से खांसी, डॉक्टर ने समझा फेफड़े का ट्यूमर; अंदर मिला दांत



'स्प्रिंगर नेचर' की रिपोर्ट के मुताबिक, महीनों से खांसी से परेशान एक 72-वर्षीय शख्स की सांस नली में इंसान का दांत फंसा मिला। शख्स को सीने में बार-बार इन्फेक्शन हो रहा था, डॉक्टरों को लगा कि यह फेफड़े का दुर्लभ ट्यूमर है। जब डॉक्टरों ने ट्यूमर हटाने के लिए सूजन वाली जगह को साफ किया तो दांत मिला।

जोमैटो का नया फीचर, अब 40 किलोमीटर दूर के रेस्टोरेंट से भी मंगा सकेंगे खाना



जोमैटो ने 'लिमिटलेस डिलीवरी' फीचर लॉन्च किया है जिससे ग्राहक 40 किलोमीटर दूर के रेस्टोरेंट से खाना मंगा सकते हैं। यह सेवा बेंगलुरु, दिल्ली-NCR, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और हैदराबाद में शुरू हुई है। ऐप के 'एक्सप्लोर मोर' सेक्शन से फीचर इस्तेमाल किया जा सकता है। अतिरिक्त डिलीवरी शुल्क और समयसीमा अभी स्पष्ट नहीं की गई है।

ब्राजील में फुटबॉल मैच के दौरान हाथापाई, 51 रेड कार्ड दिखाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना



ब्राजील के मिनास गेरैस में अंडर-20 कैम्पियोनाटो सेमीफाइनल के दौरान हाथापाई के बाद रेफरी ने 51 रेड कार्ड दिखाए, जिससे मैच रोकना पड़ा। 43 खिलाड़ी, 8 सपोर्ट स्टाफ और 2 बोर्ड सदस्य शामिल रहे। 2011 में अर्जेंटीना में बने 36 रेड कार्ड के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ा गया। यह मैच मामोरे और मेजबान उबेरलैंडिया के बीच हो रहा था।

नासा का वोयाजर 1 बनेगा धरती से एक प्रकाश-दिवस दूर पहुंचने वाला पहला मानव निर्मित वस्तु



नासा का वोयाजर 1 अंतरिक्ष यान 18 नवंबर को पृथ्वी से 1 प्रकाश-दिवस (25.89 अरब किमी) की दूरी पर पहुंचेगा। यह दूरी तय करने वाला यह पहला मानव निर्मित यान होगा। उस समय यान से संपर्क में 48 घंटे लगेंगे। 1977 में लॉन्च हुआ यह यान 61,000 किमी/घंटा की गति से इंटरस्टेलर स्पेस में सफर कर रहा है।

रोनाल्डो का इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास

रोनाल्डो पुर्तगाल के लिए 23 साल तक खेले, दुनिया में सबसे ज्यादा गोल करने वाले इकलौते खिलाड़ी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। 41 साल के रोनाल्डो ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवंबर के इंटरनेशनल ब्रेक के बाद वह पुर्तगाल की नंबर-7 जर्सी टीम को लौटा देंगे। रोनाल्डो का सफर 20 अगस्त 2003 को कजाकिस्तान के खिलाफ शुरू हुआ था। तब वह सिर्फ 18 साल के थे। अगले 23 साल में उन्होंने पुर्तगाल के लिए 234 मैच खेले और सबसे ज्यादा 146 गोल किए। उनके नाम 46 असिस्ट भी दर्ज हैं। असिस्ट का मतलब है गोल करने वाले खिलाड़ी को आखिरी पास देना।



146 गोल

इंटरनैशनल फुटबॉल मैच में इनके सबसे ज्यादा गोल

लियोनेल मेसी

लियोनेल मेसी के इंटरनैशनल फुटबॉल मैच में **126** गोल

अली दाई

108 गोल

रोमेलु लुकाकू

94 गोल

रॉबर्ट लेवांडोस्की

94 गोल

पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया

रोनाल्डो ने वीडियो में कहा कि राष्ट्रीय टीम के साथ मैदान पर मेरा सफर खत्म हो रहा है। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं। मैंने पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर उन्हें सिर्फ मैच, गोल, रिकॉर्ड और ट्रॉफियां याद नहीं आतीं, बल्कि वे लोग याद आते हैं जिन्होंने इस सफर को खास बनाया।

रोनाल्डो के टॉप-5 गोल

1. **बाइसिकल किक:** रियल मैड्रिड की ओर से चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में रोनाल्डो ने बाइसिकल किक लगाई।
2. **40 यार्ड से गोल:** मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में रोनाल्डो ने करीब 40 यार्ड की दूरी से गोल किया।
3. **नकल बॉल फ्री-किक :** रोनाल्डो ने 30 यार्ड से ज्यादा दूरी से फ्री-किक लगाई। गेंद हवा में तेजी से घूमती हुई गोलपोस्ट में पहुंची।
4. **स्पेन के खिलाफ आखिरी मिनट की फ्री-किक:** फीफा वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मुकाबले में रोनाल्डो ने मैच के आखिरी समय में फ्री-किक से गोल किया। इस गोल के साथ उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी की और पुर्तगाल को स्पेन के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ दिलाया।
5. **सुपरमैन हेडर बनाम सैम्पडोरिया (2019):** जुवेंटस की ओर से सीरी-अ मुकाबले में रोनाल्डो ने करीब 2.56 मीटर की ऊंचाई तक छलांग लगाकर हेडर से गोल किया। उनकी इस छलांग और हेडर को देखकर इसे 'सुपरमैन हेडर' कहा गया।

रोनाल्डो के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 2016 का यूरो कप खिताब शामिल है। यूरो कप यूरोप की राष्ट्रीय फुटबॉल टीमों के बीच होने वाला सबसे बड़ा टूर्नामेंट है।

6 वर्ल्ड कप में गोल करने वाले फुटबॉलर

रोनाल्डो ने 2006 में जर्मनी में अपना पहला वर्ल्ड कप खेला था। इसके बाद वह 2010, 2014, 2018, 2022 और 2026 के टूर्नामेंट में भी पुर्तगाल की टीम का हिस्सा रहे। इस तरह उन्होंने लगातार 6 वर्ल्ड कप खेले। वह छह अलग-अलग वर्ल्ड कप में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी भी बने।

जयपुर में बसे जगदीश डोडा बने बड़े व्यवसायी





होटल डोडाज पैलेस के मालिक जगदीश डोडा एक कुशल व्यवसायी होने के साथ सामाजिक क्षेत्र के कार्यों में भी काफी रुचि रखते हैं। उन्होंने अपने माता-पिता की स्मृति में श्री देवी दित्ता राम डोडा व श्रीमती कौशल्या देवी डोडा के नाम से एक ट्रस्ट की स्थापना भी की है, जिसके माध्यम से वे समाज के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं तथा गरीब मरीजों की उपचार में आर्थिक मदद करते हैं। उल्लेखनीय है कि गंगानगर मूल का यह डोडा परिवार गंगानगर में गीता भवन के समीप डोडा भवन में प्रकाश इलैक्ट्रिक स्टोर के माध्यम से व्यापार का काम करता था। जगदीश डोडा की शिक्षा गंगानगर के खालसा स्कूल में हुई। उनके पुत्रों ने अपने अलग-अलग क्षेत्रों में व्यापार का काम किया। जगदीश डोडा ने तेल व चीनी क्षेत्र में व्यापार करते हुए डोडा होलसेल भण्डार का काम 1972 में प्रारम्भ किया। बाद में अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए जगदीश डोडा जयपुर चले गये और आज से करीब 50 वर्ष पूर्व जोरावर सिंह रोड क्षेत्र में एचपीसीएल की एजेन्सी लेकर पेट्रोल पम्प सर्विस स्टेशन का संचालन के क्षेत्र में उतर गये। विस्तार के साथ जगदीश डोडा ने अपने व्यवसाय को काफी आगे बढ़ाया और सम्पन्नता हासिल की। फिर होटल व्यवसाय में उतर कर होटल डोडा पैलेस (राजा पार्क) की स्थापना कर उसे बुलंदियों के मार्ग पर पहुंचाया। अब होटल की विरासत का काम उनका पुत्र अंकुश संभाल रहा है।

परिवार : आपका विवाह कुसुमलता से हुआ जिनसे उन्हें पुत्र अंकुश व तीन पुत्रियों कविता, ज्योति व सुरुचि की प्राप्ति हुई, जिनका विवाह अलग-अलग शहरों के प्रतिष्ठित परिवारों में हुआ। बाद में जगदीश डोडा के भाई जयपुर में आकर विभिन्न व्यवसायों में संलग्न हो गये। उनके एक छोटे व्यवसायी भाई सगन डोडा सामाजिक सेवा से जुड़कर जयपुर के अरोड़वंश संस्थान में सक्रिय हैं।

-डॉ. श्रीधर शर्मा,
मो. 94140-89289

वन विभाग और टांटिया यूनिवर्सिटी ने मिलाया हाथ

वन्यजीव संरक्षण एवं जनहित की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: मोहित टांटिया



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिले में वन्यजीवों के संरक्षण, उपचार एवं पुनर्वास को नई मजबूती देने के लिए वन विभाग और टांटिया यूनिवर्सिटी ने महत्वपूर्ण पहल की है। इस समन्वय व्यवस्था के तहत अब बीमार, घायल, असहाय एवं लावारिस अवस्था में मिलने वाले वन्यजीवों को रेस्क्यू करने से लेकर उनके उपचार, देखभाल और पुनर्वास तक में विश्वविद्यालय की ओर से सहयोग दिया जाएगा। इससे वन्यजीवों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने का रास्ता आसान होगा। कार्यालय उप वन संरक्षक, श्रीगंगानगर के आदेशों की पालना में क्षेत्रीय वन अधिकारी, श्रीगंगानगर द्वारा 5 नवंबर को इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार श्रीगंगानगर वेटरनरी कॉलेज एवं टांटिया लाइवस्टॉक फार्म, टांटिया यूनिवर्सिटी को वन्यजीवों के रेस्क्यू, उपचार, पुनर्वास एवं पोषण-संवर्द्धन संबंधी कार्यों में सहयोग के लिए अधिकृत करने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया है। इस व्यवस्था के तहत श्रीगंगानगर, सूरतगढ़, बिरधवाल, रायसिंहनगर एवं श्रीविजयनगर के क्षेत्रीय वन अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वन विभाग के समन्वय से रेस्क्यू किए गए वन्यजीवों का स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक औषधोपचार, पोषण एवं समुचित देखभाल की जाएगी। विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाओं और उपलब्ध चिकित्सा संसाधनों के माध्यम से वन्यजीवों को उपचार उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे। इसके अलावा वन्यजीवों के स्वास्थ्य, पोषण एवं पुनर्वास के लिए आवश्यक सुविधाएं और उपयुक्त आहार उपलब्ध कराने में भी विश्वविद्यालय की भूमिका रहेगी। टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया ने इस पहल को वन्यजीव संरक्षण एवं जनहित की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए वन विभाग का आभार व्यक्त किया। सहायक निदेशक सुरेश बुडानिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के वेटरनरी विभाग ने वन्यजीवों के संरक्षण, उपचार एवं पुनर्वास में पूर्ण सहयोग देने तथा उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं एवं संसाधनों का जनहित में उपयोग करने की प्रतिबद्धता जताई है।

बिहाणी कॉलेज की टीम बनी विवि बैडमिंटन चैंपियन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। एमजीएसयू, बीकानेर की ओर से आयोजित 22वीं अंतर महाविद्यालय पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता में सेठ जीएल बिहाणी एसडी पीजी महाविद्यालय की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। 3-4 नवंबर को आयोजित प्रतियोगिता में बिहाणी कॉलेज की टीम ने रोमांचक मुकाबले में बीकानेर विश्वविद्यालय की टीम को हराकर शानदार जीत दर्ज की। महाविद्यालय के डीपीई डॉ. जितेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि टीम स्पर्धा के साथ-साथ खिलाड़ी अक्षत अरोड़ा ने एकल मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता। विजेता टीम में अक्षत अरोड़ा, नित्यम, अभिनव भांभू, अंकित वर्मा और समीर शामिल रहे। सफलता पर बिहाणी शिक्षा ट्रस्ट ने खिलाड़ियों को बधाई दी। जनरल सेक्रेटरी हिमांशु बिहाणी ने टीम का स्वागत कर उत्साहवर्धन किया।

SUCCESS PICTURES



हर्बल कुंभ में मंत्रियों ने जताया भरोसा, पतंजलि के प्रयासों को बताया पर्वतीय आर्थिकी मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण

जड़ी-बूटी आधारित खेती के विकास से रुकेगा पलायन, उत्तराखंड बनेगा हर्बल स्टेट

पौड़ी गढ़वाल/ऋषिकेश/हरिद्वार।

उत्तराखंड में पलायन की चुनौती से निपटने और पर्वतीय क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पारंपरिक खेती के साथ जड़ी-बूटी एवं औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देना जरूरी है। राज्य सरकार उत्तराखंड को हर्बल स्टेट के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रथम हर्बल कुंभ एवं द्वितीय धन्वंतरि महोत्सव के दूसरे दिन मालागांव में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री गणेश जोशी, ग्रामीण विकास एवं एमएसएमई मंत्री भरत चौधरी तथा बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने यह बात कही।

हर्बल कुंभ बनेगा कृषि नवाचार का केंद्र : आचार्य बालकृष्ण

आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि हर्बल कुंभ अपने उद्देश्य में सफल हो रहा है। खेती, किसान, कुटीर उद्योग और स्वरोजगार को केंद्र में रखकर आयोजित यह कार्यक्रम उत्तराखंड की समृद्धि और पलायन रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि पतंजलि ने स्वामी रामदेव के मार्गदर्शन में योग और आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने श्री धन्वंतरि धाम का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना विकास का मॉडल प्रस्तुत किया गया है। भविष्य में यह धाम दुनिया को जोड़ने का माध्यम बनेगा।



कृषि और औषधीय खेती से रुकेगा पलायन

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने श्री धन्वंतरि धाम के विकास के लिए आचार्य बालकृष्ण की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आयुर्वेद की भूमि है और पतंजलि ने इसे विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि पहाड़ों से पलायन बड़ी चुनौती है। यदि औषधीय पौधों की खेती, कृषि और बागवानी को बढ़ावा दिया जाए तो रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ औषधीय पौधों और मोटे अनाज की खेती अपनाने की अपील की।

स्वरोजगार से मजबूत होगी पर्वतीय अर्थव्यवस्था

ग्रामीण विकास एवं एमएसएमई मंत्री भरत चौधरी ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण के प्रयासों से आयुर्वेद को वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जड़ी-बूटियों की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश है। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य को हर्बल स्टेट के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है, इसलिए स्वरोजगार और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देना जरूरी है। प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने पर भी उन्होंने जोर दिया।

हर्बल कुंभ ऐतिहासिक आयोजन : हेमंत द्विवेदी

बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि हर्बल कुंभ और धन्वंतरि महोत्सव आने वाले समय में इतिहास में दर्ज होंगे। उन्होंने कहा कि जड़ी-बूटी आधारित कृषि से पहाड़ी क्षेत्रों में रोजगार बढ़ेगा और गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। कार्यक्रम में पतंजलि अनुसंधान संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रिया आर्य ने बताया कि हर्बल कुंभ का उद्देश्य जड़ी-बूटियों के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने हर्बल कुंभ में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और श्री धन्वंतरि धाम में भगवान धन्वंतरि के दर्शन किए।

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 06 नवम्बर, 2026

इस बात के काफी सबूत हैं कि अभिजीत दीपके को यूएस के डोनर्स से फंड मिल रहा है और आशुतोष रांका को पाकिस्तानी नेता पैसे दे रहे हैं। - डॉ. जितेन्द्र सिंह

डॉग स्क्वॉड और आरपीएफ टीमें तैनात, ट्रैक पेट्रोलिंग बढ़ाई गई

दीवाली अलर्ट: रेलवे ट्रैक पर ब्लास्ट के बाद क्राउड मैनेजमेंट वॉर रूम सक्रिय



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सूरतगढ़ खंड में श्री विजयनगर और रामसिंहपुर के बीच रेलवे ट्रैक पर 3 नवंबर को हुई विस्फोट की घटना के बाद सुरक्षा को और अधिक कड़ा कर दिया गया है। इस घटना में कथित तौर पर दो रेलवे स्लीपर क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसके बाद रेलवे अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय से रात की गश्त और ट्रैक निरीक्षण को तेज कर दिया है। इसके अलावा दीवाली और छठ पूजा के दौरान त्योहारी भीड़ को देखते हुए, उत्तर पश्चिम रेलवे ने 10 दिनों के त्योहारी सीजन के लिए प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के उपायों को तेज कर दिया है। यात्रियों की आवाजाही पर नजर रखने और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे काम करने वाला 'क्राउड मैनेजमेंट वॉर रूम' सक्रिय कर दिया गया है। सुरक्षा बलों द्वारा ट्रेनों और पार्सल कार्यालयों में विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि कोई भी व्यक्ति ट्रेन के यात्री कोच या पार्सल में पटाखे, फुलझड़ियां, अनार, रॉकेट, गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल या केरोसिन जैसे ज्वलनशील और खतरनाक पदार्थ न ले जा सके। बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था के तहत, प्रमुख स्टेशनों पर सीसीटीवी निगरानी, रेलवे सुरक्षा बल की विशेष टीमें, डॉग स्क्वॉड और गहन चेकिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, यात्रियों की बढ़ती भीड़ को संभालने के लिए चुनिंदा ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी जोड़े गए हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक वीरेन्द्र जोशी ने बताया कि यात्रा के दौरान किसी भी संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि की सूचना मिलने पर तुरंत रेलवे सुरक्षा बल ,जीआरपी,टीटीई या रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क करें। रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों और पार्सल कार्यालयों में एक्स-रे बैगेज स्कैनर, हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से भी सघन जांच की जा रही है।

समर्थन मूल्य पर खरीद में देरी से किसानों को नुकसान; केन्द्र की सरकार से मांगा मुआवजा

सीमा सन्देश # जयपुर



राजस्थान में खरीफ फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकारी खरीद में देरी का मामला अब केंद्र सरकार तक पहुंच गया है। मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन जैसी फसलों की समय पर खरीद शुरू नहीं होने से किसानों को बाजार में कम कीमत पर अपनी उपज बेचनी पड़ रही है।

किसान महापंचायत ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र भेजकर किसानों के नुकसान की भरपाई और तत्काल खरीद शुरू करने की मांग की है।

सितंबर में ही 221 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा

किसान महापंचायत के अनुसार, सितंबर महीने में राजस्थान की मंडियों में 7 लाख 70 हजार 481 क्विंटल मूंग की आवक हुई। इस दौरान सरकारी खरीद शुरू नहीं होने से किसानों को एमएसपी से कम भाव पर फसल बेचनी पड़ी। संगठन का दावा है कि किसानों को प्रति क्विंटल करीब 3 हजार रुपये तक का नुकसान हुआ, जिससे सितंबर की आवक के आधार पर कुल नुकसान 221 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया। संगठन ने मांग की है कि जिन किसानों ने कम कीमत पर फसल बेची है, उन्हें भावांतर भुगतान या कमी मूल्य भुगतान योजना के माध्यम से राहत दी जाए।

एक सितंबर से खरीद शुरू करने की मांग

किसान महापंचायत के राष्ट्रीय संयोजक रामपाल जाट ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से केंद्र की गाइडलाइन के अनुसार खरीफ फसलों की एमएसपी खरीद के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं।

मूंग की खरीद 1 नवंबर से शुरू करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन किसानों का कहना है कि मंडियों में मूंग की आवक सितंबर से ही शुरू हो जाती है।

किसान संगठनों की मांग है कि भविष्य में मूंग की सरकारी खरीद 1 सितंबर से ही शुरू की जाए, ताकि किसानों को मजबूरी में कम भाव पर फसल नहीं बेचनी पड़े।

संगठन ने केंद्र से ये प्रमुख मांगें रखी हैं :

- मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन सहित सभी खरीफ फसलों की एमएसपी पर तत्काल खरीद शुरू की जाए।
- मूंग की खरीद प्रक्रिया अगले वर्षों से 1 सितंबर से शुरू करने की व्यवस्था हो।
- एमएसपी से कम भाव पर फसल बेचने वाले किसानों को भावांतर भुगतान से नुकसान की भरपाई दी जाए।
- मूंग की शत-प्रतिशत खरीद नेफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से सुनिश्चित की जाए।
- तिलहन फसलों के लिए भी एमएसपी की प्रभावी गारंटी और खरीद व्यवस्था लागू की जाए।

किसान महापंचायत का कहना है कि वर्ष 2030-31 तक दलहन में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब किसानों को उत्पादन के साथ उनकी उपज का लाभकारी मूल्य भी सुनिश्चित किया जाएगा।

किसानों को लाभकारी मूल्य जरूरी

किसान महापंचायत ने कहा कि राजस्थान देश में मूंग उत्पादन का प्रमुख केंद्र है और कुल उत्पादन में राज्य की हिस्सेदारी 48 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में किसानों को उचित मूल्य उपलब्ध कराना जरूरी है।

दिपावली पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अधिकारियों को सौंपा विशेष जिम्मा

7 से 9 नवंबर तक कार्य स्थल पर उपस्थिति अनिवार्य, शाम 5:30 बजे से रात्रि 11:30 बजे तक लोड अधिक

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। दीपावली के पावन पर्व पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में रोशनी का पर्व बिना किसी बाधा के मने, इसके लिए विद्युत निगम ने पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। दीपावली के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निगम प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत श्रीगंगानगर वृत्त के विभिन्न ग्रिड सब-स्टेशनों और नियंत्रण कक्षों पर जिम्मेदार अधिकारियों की विशेष ड्यूटियां लगाई गई हैं। अधीक्षण अभियंता नेमीचंद वर्मा ने बताया कि त्यौहार के दौरान शाम 5:30 बजे से रात्रि 11:30 बजे तक लोड सबसे अधिक रहता है। इसलिए दीपोत्सव के तहत की गई विशेष तैयारी के तहत 7 से 9 नवम्बर तक अधिकारियों और कार्मिकों की विशेष ड्यूटी लगाई है। ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन निर्धारित समय पर अपने आवंटित कार्यस्थलों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह भी हिदायत दी गई है कि यदि इस दौरान बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान या तकनीकी खराबी आती है, तो संबंधित अधिकारी तुरंत इसकी सूचना संबंधित अधिशाषी अभियंता/ अधीक्षण अभियंता को प्रेषित करेंगे ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

एफआरटी सक्रिय, हेल्पलाइन नंबर जारी: त्योहारी सीजन में आम जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए जिला और एफआरटी नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की विद्युत शिकायत के लिए जिला नियंत्रण कक्ष श्री गंगानगर 9413359741 / 0154-2442087, एफआरटी नियंत्रण कक्ष 1800-180-6045 / 8505040746 व जिला व एफआरटी नियंत्रण कक्ष वृत्त कार्यालय 9413359743 / 8505066280 (प्रभारी शिवप्रकाश गोस्वामी, एईएन एवं पुनीत कुलश्रेष्ठ एईएन) का जिम्मा सौंपा है।

इनकी रहेगी विशेष निगरानी : त्योहार के दौरान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सुचारू बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख अधिकारियों को कमान सौंपी गई है।



स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2021-2023 फोन : 2466402/03, मो. 97833-85185, विज्ञापन विभाग : 2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528